# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025



KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2024 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 27+ Countries | Top Placements & Internships

## FACULTY OF ARTS & HUMANITIES

PREPARE FOR **PSC** WHILE PURSUING **YOUR DEGREE**

### Why Choose Kalinga University?

- Well-designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities
- Free PSC Coaching

Hostel & Transport facilities are available on a first-come, first-served basis.

### PROGRAMS

**BA**
- (Lib. Arts) Bachelor of Arts in Liberal Arts

**MA**
- Master of Arts (Economics, English, Geography, Hindi, History, Mathematics. Political Science, Psychology, Sociology, Public Administration, Education and Physical Education)

**BSW & MSW**
- Bachelor of Social Work
- Master of Social Work

**BA**
- Bachelor of Arts

**BA & MA** (Film Making)
- Bachelor & Master of Arts in Film Making In collaboration with NIRA EDUCOM

**BA & MA** (J & MC)
- Bachelor of Arts in Journalism & Mass Communication
- Master of Arts in Journalism & Mass Communication

CUET 2025 Results are out
Use Your Score & Secure Your Spot!

OUR TOP ACHIEVERS


ALISHA VERMA
BA (J & MC)
Placed at LIDO Learning with a package of INR 10.0 LPA


ANUSHKA BHATTACHARYA
BA (J & MC)
Selected as a TV Anchor Doordarshan, Raipur


DIVYA CHANDAK
BA
Cleared CAT 2020 and Secured Admission in IIM Shillong


SHIBANI DEY
BA (J & MC)
Placed as a Field Reporter at Paharaa TV


SAURABH
MA
Silver Medal In Greco Style Wrestling (67 KG Category) at AIU Inter University Games Kolhapur & selected for Khelo India Games 2023


ANAMIKA SHUKLA
MSW
5th Rank in the IWBF Woodball Championship 2019 at MATSU, Fujian-Taiwan

Hurry Up!!!
Limited Seats Available

OUR TOP RECRUITERS: BAJAJ Allianz | ADITYA BIRLA GROUP | collegedunia | upGrad | Infosys BPM | ITC Limited

+91-9907252100

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Waterfront, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE QR CODE
To Register for our Entrance Examinations
KALSEE/KAL-MAT

#Rajesh9926308899

# RUNGTA - R1

RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY

26 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

## Setting New Records!

**Highest Allotments & Reporting for B.Tech** in DTE Round 1 (2025)

**No. 1 in Campus Placements** in Chhattisgarh

**20+ Add-on Certifications** with Every Degree in Industry-Focused Areas

## Powered by Tech Giants & Academic Leaders

Google Cloud · Microsoft Education · University of Cambridge · Stanford University · University of Michigan · amazon · DeepLearning.AI · Harvard Business School · EC-Council · IBM · Meta · UC Irvine · NVIDIA · The Linux Foundation

## From Rungta to the World Placed Across the Globe

- **Anirban S.** — Senior Technical Program Manager, USA — Microsoft
- **Sahil Sakhuja** — SAP Performance Engineer, USA — Apple
- **Chanchal Sahu** — Senior Technical Program Manager, USA — Google
- **Shashank Verma** — Executive Director — Morgan Stanley
- **Sitaram Panse** — Program Lead Germany — Mercedes-Benz
- **Navneet Mohta** — Enterprise Lean Agile Coach — Boeing
- **Ankita Gupta** — Senior Software Engineer — JPMorganChase
- **Navneet Singh Bhatia** — Consulting Practice Manager Japan — Oracle Financial Services
- **Manasi Jaggi** — Product Manager — PayPal
- **Khushboo Sahu** — Senior Project Manager Arkansas, USA — Walmart

### School of Computer Sc. & Engineering - RCET, Bhilai
NAACA-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

- **B.Tech. CSE** in association with **Google** - **BE110**
- **B.Tech. CSE** Artifical Intelligence in association with **Google** - **BE110**
- **B.Tech. CSE** AI & ML in association with **Google** - **BE110**
- **B.Tech. CSE** Data Science in association with **Google** - **BE110**
- **B.Tech. CSE** AI & ML in association with **IBM** - **BE110**
- **B.Tech. CSE** Cyber Security in association with **EC Council** - **BE110**
- **B.Tech. CSE** Information Technology - **BE110**
- **M.Tech.** Computer Science & Engineering - **ME110**

### School of Engineering & Technology - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

- **B.Tech.** Civil Engineering - **BE110**
- **B.Tech.** Electrical Engineering - **BE110**
- **B.Tech.** Electronics & Telecommunication - **BE110**
- **B.Tech.** Mechanical Engineering - **BE110**
- **B.Tech.** Mining Engineering - **BE110**
- **M.Tech.** Structural Engineering - **ME110**
- **Diploma** Electrical Engineering - **DE204**
- **Diploma** Mechanical Engineering - **DE204**

### School of Education - GDRCST
NAAC-A Grade

- D.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### School of Management & Commerce - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade

- **BBA**
- **BBA** Global
- **BBA** Business Analytics in association with **IBM**
- **MBA** - **MBA115**
- **MBA** Global - **MBA115**
- **MBA** Business Analytics in association with **IBM** - **MBA115**
- **BBA MBA** (Integrated)
- **B.Com**

### School of Life Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade

- **B.Sc.** - Biotechnology - Zoology / Botany
- **B.Sc.** - Forensic Science
- **B.Sc.** - Bio Informatics
- **M.Sc.** - Biotechnology
- **M.Sc.** - Bio Informatics

### School of Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade

- **B.Sc.** - PCM
- **M.Sc.** - Maths
- **M.Sc.** - Physics
- **M.Sc.** - Chemistry

### School of Information Technology - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade

- **BCA** AI & ML in association with **Google**
- **BCA** Data Science in association with **Google**
- **BCA** Full Stack in association with **Google**
- **MCA** AI & ML in association with **Google** - **MCA107**
- **MCA** Data Science in association with **Google** - **MCA107**
- **MCA** Full Stack in association with **Google** - **MCA107**
- **BCA & MCA** (Integrated) - AI & ML in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - Data Science in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - Full Stack in association with **Google**
- **B.Sc.** Computer Science AI & ML in association with **Google**
- **M.Sc.** Computer Science AI & ML in association with **Google**
- **PGDCA**
- **DCA**

### School of Pharmacy - RIPER & RCPSR
NAAC-A Grade

- **B. Pharmacy** - **RCPSR - BDP106** | **RIPER - BDP121**
- **D. Pharmacy** - **RCPSR - BDP106** | **RIPER - BDP121**
- **M. Pharma** - Pharmaceutics - **RCPSR - MPH106**
- **M. Pharma** - Pharmacology - **RCPSR - MPH106**
- **B. Pharmacy** - Practice

Deepak Advertisers

*Subject to Approval of Ordinances by CG Govt.

## Top Recruiters

Microsoft · Google · amazon · Deloitte · EY · J.P.Morgan · accenture · cognizant · Capgemini · tcs · SONY India · SAP · AIS Asahi India Glass Ltd. · IBM · virtusa · Hexaware · LTIMindtree · servicenow · Jio · Uber · cisco · salesforce · Persistent · PayPal · Walmart · LUPIN · Dabur · SUN Pharma · Dr. Reddy's · novo nordisk · IndianOil Adani Ventures · SAMSUNG · ESSAR · adani Power · Hewlett Packard Enterprise · Rolls-Royce · Fidelity · NVIDIA · Deutsche Bank · L&T · Honeywell · DAIKIN · DBS · Tech Mahindra · wipro · Mahindra · MRF · Alembic · Abbott · vivo · keka · Renault Nissan · TVS · gsk · Royal Enfield · Nestlé

9016 11 3333

**Rungta Educational Campus,** Kohka-Kurud Road, Bhilai, Chhattisgarh

www.rungta.ac.in

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025


**शाह नहीं आएंगे**



प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे और अंतिम दिन समापन सत्र में 3.45 से 4.45 बजे तक केंद्रीय मंत्री अमित शाह बोलने वाले थे, लेकिन अचानक मंगलवार को दिल्ली से सूचना आई कि उनका आना रद्द हो गया है। ऐसे में समापन सत्र के लिए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का नाम तय किया गया। बुधवार को उनका एक सत्र होना है।






# शिवराज ने दिया जनता के दिलों में राज करने का मंत्र, तावड़े ने कहा- अपनी फोटो नहीं, विपक्ष पर हमलों पर दें ध्यान



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपाट

भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों को जनता के दिलों राज करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा, लंबे समय तक अगर आप जनता की सेवा करना चाहते हैं और सांसद, विधायक बने रहना चाहते हैं तो आपको जनता के हितों के बारे में सोचना पड़ेगा, जनता के ज्यादा से ज्यादा करीब रहना होगा। जनता के सुख दुख में साथ देने वाला नेता ही जनता के दिलों में राज करता है। दूसरे दिन के सत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ और चुनौती पर अपनी बात रखी।

बुधवार को होने वाले समापन में केंद्रीय मंत्री अमित शाह का आना रद्द हो गया है। अब समापन भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ▶▶| शेष पेज 6 पर

**आज संगठन महामंत्री संतोष करेंगे समापन**



## सोशल मीडिया पर आक्रामक तरीके से विपक्ष पर करें हमला: तावड़े

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के भी तीखे तेवर नजर आए। उन्होंने विधायकों, सांसदों को नसीहत देते हुए कहा, सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना अच्छा है, लेकिन फोटो पोस्ट करने से ज्यादा ध्यान विपक्ष पर हमला करने पर देना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा के बड़े नेताओं को लेकर किए विपक्ष के नेताओं के पोस्ट पर आक्रमक तरीके से जवाबी हमला करें। सोशल मीडिया पर कम एक्टिव रहने वाले विधायकों, सांसदों को फॉलोअर्स बढ़ाने और सक्रिय रहने को कहा।

## सीएम ने कहा- जनता के दिलों में बनी हमारी छाप



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ अवसर और चुनौती विषय पर कहा, सरकार के कोई कार्य ऐसे होते हैं, जिनसे उनकी पहचान बनती है। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद हमने कई ऐसे कार्य किए हैं, जिससे जनता के दिलों में हमारी छाप बन चुकी है।

## जानिए किस जिले में किसने किया खेल, चालान में सबका हिसाब-किताब

# शराब की काली कमाई में कमीशन काटकर कंट्रोल रूम भेजते थे अफसर, कमाए करोड़ों

छत्तीसगढ़ में हुए 32 सौ करोड़ रुपए के आबकारी घोटाले के पिलर थे जिला आबकारी अधिकारी। जिलों में अधिकारियों ने अवैध शराब बेचने के लिए समानांतर सिस्टम डेवलप कर रखा था। बिना बिल की शराब बेचने से मिलने वाली रकम को आबकारी कंट्रोल रूम भेजते थे। लेकिन उससे पहले अपना कमीशन काट लिया करते थे। इस तरह चंद महीनों में ही करोड़ों रुपए की कमाई की। ईओडब्ल्यू-एसीबी ने अपने चालान में 15 जिलों का जिक्र किया है।

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में शराब घोटाला करने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर तथा, आबकारी विभाग के तत्कालीन उप सचिव एपी त्रिपाठी ने बड़े ही शा ति रा ना अंदाज में साजिश रची। साजिश में जिन 29 आबकारी अधिकारियों को शामिल किया गया। उन्होंने अपने मातहत अधिकारी, कर्मचारियों को सिंडिकेट में शामिल किया। दुकानों में बिना बिल की शराब बिकवाई और देशी शराब की बिक्री कर अरबों की रकम ऊपर तक पहुंचाई। रायपुर, दुर्ग तथा महासमुंद में बगैर इनवाइस के 20 ▶▶| शेष पेज 6 पर

**खास बातें**

- रायपुर, दुर्ग, भिलाई महासमुंद के अफसरों ने 12 करोड़ रुपए काली कमाई की
- साजिश में 29 आबकारी अधिकारियों को शामिल किया गया



21.74 अरब के घोटाले में 29 आबकारी अफसरों के खिलाफ चालान, हर माह दुर्ग भेजे जाते थे 20 करोड़

सिंडीकेट बनाकर किया घोटाला, नेता और अफसरों में बंटी रकम

इन अफसरों के खिलाफ कोर्ट में चालान

32 सौ करोड़ के घोटाले का अनुमान

### आबकारी अधिकारियों की इस तरह से रही भूमिका

**रायपुर**

**अनिमेश नेताम** - उपायुक्त आबकारी सितंबर 2021 से जुलाई 2022 तक पदस्थ रहा। इसने शराब दुकानों में कुल 15 से 20 प्रतिशत बी पार्ट की शराब रायपुर जिले में खपाई। पैसों का कलेक्शन जिला आबकारी अधिकारी इकबाल खान के अधीन कार्य कर रहे कन्हैया लाल कुर्रे को दिया। शराब दुकानों के सुपर वाइजर से कैश इकट्ठा कर सिंडीकेट के कैश कलेक्शन एजेंट को देता था। लेकिन इससे पहले जिले का हिस्सा 140 रुपए ▶▶| शेष पेज 6 पर

**दुर्ग**

**अरविंद सिंह पाटले** - सहायक आयुक्त आबकारी अक्टूबर 2019 से जून 2020 तक पदस्थ रहे इसने जिले के सभी 32 शराब दुकानों में बी पार्ट शराब की बिक्री की गई। महीने में 20 से 25 ट्रक शराब जिसमें हर ट्रक में आठ सौ पेटी शराब होती थी, उसकी बिक्री की गई। ▶▶| शेष पेज 6 पर

**महासमुंद**

**विजय सेन शर्मा**- उपायुक्त आबकारी जुलाई 2021 से अगस्त 2023 के बीच पदस्थ रहे इसने 05 से 07 देशी शराब दुकानों में बी पार्ट की शराब खपाने का काम किया। बी पार्ट शराब बिक्री की रकम इसने वृत्त प्रभारी, सुपरवाइजर के माध्यम से कराकर आबकारी कंट्रोल रूम में जमा करता था। आबकारी उप निरीक्षक मधुकर श्याम हरित के माध्यम से सिंडिकेट तक रकम पहुंचाई जाती थी महासमुंद जिले में बी पार्ट की तीन से पांच प्रतिशत शराब की बिक्री की गई। जिले का हिस्सा 75 लाख एक हजार 902 रुपए अलग कर शेष रकम सिंडिकेट तक पहुंचाई गई। पैसा वसूल करने के लिए अनवर ढेबर ने सिस्टम तैयार ▶▶| शेष पेज 6 पर

- **गरियाबंद- प्रदीप कुमार नेताम-** सहायक आबकारी आयुक्त जून 2020 से अक्टूबर 2021 तक बी-पार्ट की शराब बिक्री कर 71 लाख 41 हजार रुपए कलेक्शन किया
- **मुंगेली - रामकृष्ण मिश्रा -** सहायक आबकारी आयुक्त जून 2021 से जुलाई 2022 तक एक करोड़ 69 लाख की काली कमाई की।
- मुंगेली, जांजगीर, चांपा सहित कई अन्य जिलों में सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर पदस्थ रहते हुए विकास गोस्वामी ने पार्ट बी की शराब बिक्री की तीन करोड़ 12 लाख रुपए से ज्यादा कैश कलेक्शन किया।
- **कबीर धाम- नितिन खंडुजा-** सहायक जिला आबकारी अधिकारी - जून 2021 से फरवरी 2022 तक पार्ट बी की शराब बिक्री का एक करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन
- **बलौदाबाजार - नवीन प्रताप सिंह तोमर -** सहायक आयुक्त - वर्ष 2020 से 2023 तक छह करोड़ 71 लाख रुपए पार्ट बी की शराब बिक्री की छह करोड़ 71 लाख रुपए कलेक्शन किया।
- **रायगढ़ - मंजुश्री कसेर -** जिला आबकारी अधिकारी - जून 2020 से जुलाई 2021 तक एक करोड़ 64 लाख रुपए
- **बेमेतरा - सौरभ बख्सी -** सहायत आयुक्त - जून 2021 से अक्टूबर 2022 तक दो करोड़ 36 लाख

▶▶| शेष पेज 6 पर

**20 फीट गहरे कुएं में हादसा**

## सफाई करते समय कुएं में गिरने से पिता-पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सफाई करते समय 20 फीट गहरे कुएं में गिरकर पिता-पुत्र की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि ग्राम उनी निवासी कैलाश गोस्वामी पिता मनराखन 40 साल ड्राइवर का काम करते थे। उनका बेटा अंशु गोस्वामी कक्षा नवमीं का छात्र था। 7 जुलाई को शाम 5 बजे अंशु अपने



माता पिता को घर के पीछे 20 फीट कुआं में मेढ़क मर जाने पर गंदगी होने की बात कहते हुए सफाई करने की बात कहते हुए सफाई करने चला गया। उस दौरान गांव में बिजली बंद थी। अंशु कुंए में बाल्टी डालकर मरा मेढ़क बाहर निकालने की कोशिश कर रहा था और उसमें मोटर पंप लगा हुआ था। इसी दौरान अचानक बिजली आई और झटका खाकर कुआं में गिर गया। बेटे को कुआं में गिरते देख पिता कैलास ▶▶| शेष पेज 6 पर

### दो घंटे मशक्कत के बाद निकले शव

पिता-पुत्र के कुएं में गिरने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और पिता- पुत्र को बाहर निकालने के प्रयास में जुट गई। एसडीआरएफ टीम के पहुंचने के पहले 2 घंटे मशक्कत के बाद ग्रामीणों के प्रयास से रस्सी बांधकर पिता-पुत्र का शव बाहर निकाला गया है।

**खबर संक्षेप**

### 15.36 लाख की हेरोइन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक लॉज से 15.36 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त



कर पंजाब के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ ने पांच जुलाई को सीबीडी-बेलापुर क्षेत्र में एक लॉज के कमरे पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान कपूरथला के प्रमजीत सिंह महेंद्र सिंह (29) और तरनतारन के सुखविंदर दारा सिंह (35) को गिरफ्तार किया गया।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव



का मंगलवार को एम्स, जोधपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम को जोधपुर में किया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से दाऊलाल वैष्णव गंभीर रूप से बीमार थे। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शोक जताया है।

**रेलवे गेटकीपर गिरफ्तार**

## ट्रेन की चपेट में आई स्कूल वैन, तीन छात्रों की मौत



एजेंसी ▶▶| कडलूर

तमिलनाडु में कडलूर जिले के सेम्मनगुप्पम में मंगलवार की सुबह एक स्कूल वैन के चलती ट्रेन की चपेट में आने के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई। वहीं, इस घटना को लेकर अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। दक्षिण रेलवे ने इस 'दुखद घटना' के लिए माफी मांगी है और उसने बताया कि रेलवे फाटक पर तैनात 'गेटकीपर' को निलंबित कर दिया गया है तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि सुबह करीब पौने आठ बजे छात्रों को ले जा रही स्कूल वैन ने कडलूर और अलप्पक्कम के बीच रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 170 को पार करने का प्रयास किया। इस दौरान वह ट्रेन संख्या 56813 विल्लुपुरम- ▶▶| शेष पेज 6 पर

- चेन्नई से करीब 190 किलोमीटर दूर बड़ा हादसा

### मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख

*रेलवे आज मृतकों के परिजनों के लिए पांच लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि जारी करेगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने छात्रों की मौत पर दुख जताया और मृतकों के अभिभावकों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने गंभीर रूप से घायल हुए तथा उपचाराधीन लोगों को एक-एक लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायल हुए लोगों को 50-50 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।*

**एएसपी हुए थे शहीद**

## कोंटा ब्लास्ट के आरोपी को एसआईए ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

एक माह पूर्व आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे के मामले में एक आरोपी को एसआईए ने गिरफ्तार किया है। पिछले माह 9 जून को ग्राम ढोंढ़रा कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सोढ़ी ने स्वीकार किया आरोप

आरोपी सोढ़ी गंगा ने घटना में स्वयं की संलिप्तता स्वीकार की है। अन्य आरोपियों के नामों का भी खुलासा किया है। एसआईए ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## हड़ताल पर आज जाएंगे 25 करोड़ कर्मचारी बैंकिंग-परिवहन और कारखाने होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बैंकिंग, इंश्योरेंस से लेकर कोल माइनिंग, हाईवे और कंस्ट्रक्शन में लगे 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल करने जा रहे हैं। देशभर में होने वाले इस व्यापक हड़ताल से जरूरी सेवाओं का प्रभावित होना तय है। 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनके सहयोगी इकाइयों के एक ग्रुप ने 'सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध करने' के लिए इस आम हड़ताल या 'भारत बंद' का आह्वान किया है। श्रमिक संगठनों के ▶▶| शेष पेज 6 पर

**देशव्यापी हड़ताल**




### क्या है कर्मचारियों की मांग

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन ने कहा कि हम सरकार से बेरोजगारी पर ध्यान देने, स्वीकृत पदों पर भर्ती करने, ज्यादा नौकरियों के सृजन, मनरेगा श्रमिकों के कार्य दिवसों एवं मजदूरी में बढ़ोतरी के साथ शहरी क्षेत्रों के लिए भी समान कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए ईएलआई (रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना लागू करने में व्यस्त है।

**धीमी गति से हो रहा पुल का निर्माण, इसलिए बनी हुई है समस्या**

## स्कूल जाने जान हथेली पर, पार करनी पड़ रही उफनती नदी

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से केवल 05 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देहारगुडा के आश्रित ग्राम खाम्भाठा के दर्जनों आदिवासी बच्चों को स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बारिश के दिनों में जान जोखिम में डालकर पैरी नदी पार कर स्कूल तक आना पडता है। बताया जा रहा है कि कभी कभी तो अत्यधिक बारिश होने पर नदी में भारी बाढ और तेज बहाव के ▶▶| शेष पेज 6 पर



### बच्चों को ग्रामीण करा रहे नदी पार

मंगलवार को गांव के बच्चों को ग्रामीणों ने जैसे तैसे नदी पार कराकर स्कूल तक पहुंचाया। सबसे ज्यादा परेशानी यह है कि अत्याधिक बारिश होने पर बच्चों को स्कूल वाले देहारगुड़ा में अपने रिश्तेदारों के यहां रुकना पड़ता है और तो और नदी पार कराने के लिए बारिश के दिनों में ग्रामीणों को ट्यूब का सहारा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नहीं बन पाया अब तक पुल

यह बाकड़ी नदी आगे चलकर सिकासार जलाशय में मिलती है। यहां बारिश के पूरे चार माह कमर तक पानी चलते रहता है और बारिश होने पर जंगलों तथा पहाड़ी इलाके के पानी आने से यह नदी अचानक उफान पर आ जाती है। यहां अब तक इस नदी में पुल निर्माण नहीं होने से आज भी बोड़पाला, जरण्डी क्षेत्र के ग्रामीण व स्कूली छात्र इस नदी में जान जोखिम में डालकर आने जाने को मजबूर हैं। इस क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं जंगलधवलपुर के पूर्व सरपंच कन्हैया ठाकुर, हबीब मेमन, केदारसिंह दाउ, लोकेश ठाकुर, टिकेश्वर तिवारी, नितेश साहू व क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी है। बारिश के दिनों ▶▶| शेष पेज 6 पर


## चिंतन

# अमेरिका से टैरिफ वार्ता में अधिक सावधान रहे भारत

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को अंतिम रूप देने में भारत को अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। अमेरिका अपने जीएम समेत अन्य कृषि व पोल्ट्री उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को गिद्ध नजर से देख रहा है। यह नजर बहुत लंबे समय से है। भारत ने जब अंतरराष्ट्रीय दबाव में गैट (अब डब्ल्यूटीओ) समझौते को वर्ष 1994 में स्वीकृति दी थी, उसके बाद से ही भारत पर अपने कृषि व संबद्ध क्षेत्र को खोलने का अमेरिकी दबाव है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत पर शुल्क (टैरिफ) को लेकर अधिक दबाव है। अमेरिका को लगता है कि भारत अपने सामानों पर अमेरिका से अधिक टैरिफ वसूलता है, जबकि अमेरिकी सामानों पर कम शुल्क देता है। बेशक वस्तुओं के व्यापार भारत के पक्ष में हैं, लेकिन अमेरिका भूल जाता है कि सेवाओं के ट्रेड में अमेरिका का पलड़ा भारी है। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड वार्ता में सर्विस ट्रेड के मुद्दे को प्रमुखता से रखना चाहिए। अमेरिका ने नौ जुलाई तक जवाबी शुल्क को निलंबित कर दिया था। इस कारण भारत पर दबाव था कि वह नौ जुलाई से पहले ही ट्रेड वार्ता पूरी कर ले, लेकिन अब अमेरिका ने अपनी समय सीमा को एक अगस्त तक बढ़ा दिया है। यानी कि अब एक अगस्त तक पुराने टैरिफ तरीके से ही व्यापार चलते रहेंगे। इससे भारत के निर्यातकों को राहत मिली है, इसी के साथ भारत को ट्रेड वार्ता के लिए अब तीन हफ्ते का वक्त और मिल गया है। ऐसे में भारतीय वार्ताकारों को असहमति वाले मुद्दों को सुलझाने में निगोशिएट करने को अधिक सोच-विचार का समय होगा। हालांकि, यदि भारत इस महीने के अंत तक अमेरिका के साथ कम से कम वस्तुओं पर बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौता) को अंतिम रूप दे देता है तो तुलनात्मक रूप से अधिक फायदे में होगा। वित्त वर्ष 2021-22 से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। वस्तुओं का आपसी व्यापार 2024-25 में 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। इसमें 86.51 अरब डॉलर का निर्यात व 45.33 अरब डॉलर का आयात था। भारतीय कृषि संगठनों ने सरकार से अमेरिकी कृषि व पोल्ट्री उत्पादों के लिए भारतीय बाजार न खोलने की अपील की है, हालांकि नीति आयोग के कई सदस्य जीएम फसलों की पैरवी कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जरूर दावा किया है कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता करने के करीब हैं, लेकिन भारत को किसी भी अमेरिका झांसे व दबाव में नहीं आना चाहिए, ट्रेड और टैरिफ में अपना हित देखना जरूरी है। भारत को अपने कृषि व संबद्ध क्षेत्र और एमएसएमई की रक्षा करनी चाहिए। सरकार को आर्थिक शोध संस्थान थिंक टैंक जीटीआरआई के अमेरिका के साथ व्यापार समझौते संबंधी सुझावों को गंभीरता से लेना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने चेताया है कि डोनाल्ड ट्रंप का 'रेसिप्रोकल टैरिफ मॉडल' मुक्त व्यापार समझौते का नहीं, बल्कि अमेरिकी धौंस है। इसलिए भारत को अमेरिकी समय सीमा के जाल में नहीं फंसना चाहिए। जिन टैरिफ मुद्दों पर आपसी सहमति बनती जा रही है, उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करते जाना चाहिए। असहमति वाले मुद्दों पर वार्ता जारी रखनी चाहिए। एकतरफा अमेरिकी शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का भी उल्लंघन है और इससे वैश्विक व्यापार प्रवाह बाधित होने, अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में वृद्धि होने और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में जटिलताएं उत्पन्न होने की आशंका है। शुल्क वृद्धि अमेरिका पर भारी पड़ेगी, भारत को तनिक भी डरने की जरूरत नहीं है।

## नाली व्यवस्था

पंकज चतुर्वेदी



# ऐसे शहर तो डूबेंगे ही

पिछले एक दशक में 25 हजार करोड़ बस इस बात को खर्च किए गए कि देश के प्रगति के प्रतिमान कहलाने वाले शहर बरसात में दरिया न बन जाएं, लेकिन हालत बदले नहीं। मौसम की बरसात के शुरुआत में ही दरिया बन गए और जो समाज कुछ दिनों पहले तक नालों में पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा था, अपने गली-मुहल्लों में गर्दन तक पानी में डूब गया। जो चौड़ी सड़कें या फ्लाईओवर यातायात को फर्राटे से निकालने के लिए बने हैं, वहां मीलों तक वाहनों का जाम हो जाता है। यह रोग अब महानगरों में ही नहीं, जिला स्तर के नगरों में भी आम है। चूंकि बरसात के दिन कम हो रहे हैं, सो लोग इसे अस्थाई दिक्कत मानकर बिसरा देते लेकिन जान लें कि अब हमारा देश भी शहरीकरण की ओर अग्रसर है। उसके चलते जल्द ही जलभराव गंभीर समस्या का रूप ले लेगा। पिछले साल बजट सत्र के आखिरी दिनों में यह बात संसद में स्वीकार की गई थी कि केंद्र सरकार बारिश के पानी की निकासी के लिए शहरों पर बीते 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इसके बावजूद हर बारिश के दौरान शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं और पानी उतरने में घंटों लगते हैं। दुखद तो यह है कि देश के 100 शहर जिन्हें स्मार्ट सिटी घोषित कर दिया गया, पहले से अधिक डूब रहे हैं। सरकार कहती है कि जुलाई 2024 तक, 100 शहरों ने स्मार्ट सिटी मिशन के हिस्से के रूप में 1,44,237 करोड़ की राशि की 7,188 परियोजनाएं (कुल प्रोजेक्ट का 90 प्रतिशत) पूरी कर ली हैं। 19,926 करोड़ की राशि की शेष 830 परियोजनाएं भी पूरा होने के अंतिम चरण में हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के 35 शहरों में बाढ़ की समस्या के निपटने के लिए 1,005 करोड़ रुपये के 87 प्रोजेक्ट बनाए गए। इतना ही नहीं, 100 स्मार्ट सिटी में से 97 शहरों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज में सुधार के लिए 603 प्रोजेक्ट बनाकर 21,182 करोड़ रुपये खर्च हुए। कहने की जरूरत नहीं कि ये सभी शहर बरसात में जलभराव के कारण ठप हुए। शहरीकरण आधुनिकता की हकीकत है और पलायन इसका मूल, लेकिन नियोजित शहरीकरण ही विकास का पैमाना है। गांवों का कस्बा बनना, कस्बों का शहर और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। विडंबना है कि हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनाधिकृत कॉलोनी काटकर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए। कई दशकों तक ना तो नालियां बनीं या सड़क और धीरे-धीरे इलाका 'अरबन-स्लम' में बदल गया। गौर करने लायक बात यह भी है कि साल में ज्यादा से ज्यादा 25 दिन बरसात के कारण बेहाल हो जाने वाले ये शहरी क्षेत्र पूरे साल में आठ से दस महीने पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसते हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना का एक शोध बताता कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्कत अकेले बाढ़ की ही नहीं है, इन शहरों की दुरमट मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती है। शहरों में अब गलियों में भी सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ गया है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है, सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है। शहरों में बाढ़ का सबसे बड़ा कारण तो यहां के प्राकृतिक नदी-नालों, तालाब-जोहड़ों और उन तक नी लाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जे, भूमिगत सीवरों की ठीक से सफाई ना होना है। इससे बड़ा कारण है हर शहर में हर दिन बढ़ते कूड़े का भंडार व उसके निबटान की माकूल व्यवस्था ना होना। जाहिर है कि बरसात होने पर यही कूड़ा पानी को नाली तक जाने या फिर सीवर के मुंह को बंद करता है। महानगरों में भूमिगत सीवर जलभराव का सबसे बड़ा कारण हैं। जब हम भूमिगत सीवर के लायक संस्कार नहीं सीख पा रहे हैं तो फिर खुले नालों से अपना काम क्यों नहीं चला पा रहे हैं ? एक बात और बंगलूरू या हैदराबाद या दिल्ली में जिन इलाकों में पानी भरता है यदि वहां की कुछ दशक पुरानी जमीनी संरचना का रिकार्ड उठा कर देखें तो पाएंगे कि वहां पर कभी कोई तालाब, जोहड़ या प्राकृतिक नाला था। महानगरों में बाढ़ का मतलब है परिवहन और लोगों का आवागमन ठप होना। जलभराव और बाढ़ मानवजन्य समस्याएं हैं और इसका निदान दूरगामी योजनाओं से संभव है ; यह बात शहरी नियोजनकर्ताओं को भली-भांति जान लेना चाहिए और इसी सिद्धांत पर भविष्य की योजनाएं बनाना चाहिए। शहर को डूबने से बचाना है तो कूड़ा कम करने, पॉलीथिन पर पाबंदी, सीवरों की ईमानदारी से नियमित सफाई जरूरी है। शहरों में अधिक से अधिक खाली जगह यानि कच्ची जमीन हो, ढेर सारे पेड़ हों। जलभराव वाली जगह भूजल रिचार्ज के प्रयास हों। प्राकृतिक जलाशयों, नदियों को उनके मूल स्वरूप में रखने तथा उसके जलग्रहण क्षेत्र को किसी भी किस्म में निर्माण ना हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अमेरिका से ट्रेड समझौते में रुकावटें



## आर्थिकी

प्रो. अश्वनी महाजन

अमेरिका अपने व्यापार भागीदारों पर अमेरिकी उत्पादों पर उनके द्वारा लगाए गए शुल्क को कम करने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए दबाव डालता हुआ दिखाई दिया, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से बचा जा सके। उधर, भारतीय नीति आयोग द्वारा तैयार कार्य पत्र ने किसान संगठनों में भारी रोष पैदा कर दिया है। उनका कहना है कि अगर ये सुझाव मान लिए गए तो इससे बहुत नुकसान हो सकता है। इसी तरह, समझौते में लघु उद्योग क्षेत्र के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। डेटा संप्रभुता और आईपीआर भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका हमे जितना दे सकता है, उससे कहीं अधिक मांग कर रहा है।

भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते पर 2017 से ही चर्चा चल रही है, लेकिन अभी तक इस समझौते को मूर्त रूप नहीं मिल पाया है। कई बार तो यह समझौता इतना नजदीक नजर आता था कि मीडिया ने एफटीए के मुख्य तत्वों की घोषणा भी कर दी थी, लेकिन अचानक कुछ बाधाएं सामने आतीं और एफटीए ठंडे बस्ते में चला जाता। आखिरी बार ऐसी घटना 2020 में हुई थी। मीडिया में खबरें आ रही थीं कि भारत-अमेरिका एफटीए पर हस्ताक्षर होने वाले हैं और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) का भारत दौरा प्रस्तावित था, लेकिन अचानक पता चला कि यूएसटीआर ने अपना भारत दौरा रद कर दिया है और तब से भारत-अमेरिका एफटीए पर कोई चर्चा नहीं हुई।

हाल ही में इस एफटीए, तो कभी सीमित एफटीए के बारे में खबरें फिर से आना शुरू हुई। पिछले चार महीनों में जब से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में सत्ता की बागडोर संभाली है, तब से ये चर्चाएं एक बार फिर सामने आने लगी हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने व्यापार भागीदारों पर पारस्परिक शुल्क लगाने का फैसला किया, जिससे अब शुल्क अमेरिका के लिए डब्ल्यूटीओ द्वारा सहमत बाध्य दरों के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रम्प की सनक के आधार पर, पारस्परिकता के तथाकथित विचार पर तय किए जा रहे थे। अमेरिका अपने व्यापार भागीदारों पर अमेरिकी उत्पादों पर उनके द्वारा लगाए गए शुल्क को कम करने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए दबाव डालता हुआ दिखाई दिया, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से बचा जा सके। ऐसी परिस्थितियों में, व्यापार विशेषज्ञ, जो मुक्त व्यापार के समर्थक माने जाते हैं, ने कहना शुरू कर दिया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने का यह सही समय है, अब एफटीए के पक्ष में तर्क दिया जा रहा है ताकि हम पारस्परिक शुल्क से बच सकें, और अमेरिका के साथ पूर्ण मुक्त व्यापार समझौते के आधार पर भारत-अमेरिका व्यापार को बढ़ावा दे सकें। बातचीत चल रही थी और मीडिया में यह बताया जा रहा था कि भारत-अमेरिका एफटीए किसी भी समय हो सकता है और किसी भी दिन इस पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

हालांकि शुक्रवार, 13 जून को ऐसी खबरें आना शुरू हो गई कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में एक बार फिर से बाधा आ गई है और शायद भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द ही नहीं होगा। इस बार तथाकथित अवरोध भारत के इस स्पष्ट रुख से आया है कि वह जीएम खाद्य उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दे सकता, जबकि अमेरिका जीएम खाद्य उत्पादों के लिए भारत के बाजार को खोलने पर जोर दे रहा है। अमेरिकी व्यवसायों द्वारा भारत में डेटा होस्ट करने के लिए सर्वर की अनुमति नहीं देने के खिलाफ डेटा स्थानीयकरण पर हमारा जोर, और कुछ अन्य मुद्दों के कारण प्रस्तावित एफ़टीए फिर से खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। 2006-08 के आसपास, रणनीतिक और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने की व्यापक बातचीत के बीच भारत-अमेरिका एफटीए का विचार सामने आया था। हालांकि, प्रमुख मतभेदों के कारण कोई औपचारिक वार्ता शुरू नहीं हुई। यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका भारतीय



बाजारों में, विशेष रूप से खुदरा, कृषि आदि में, अधिक पहुंच और आईपीआर पर डब्ल्यूटीओ के तहत अनुमत से अधिक रियायतें चाहता था, जिसे हम डब्ल्यूटीओ प्लस कहते हैं। भारत के इस रुख के कारण, कि इस समझौते से नीतिगत गुंजाइश खत्म हो सकती है, खासकर कृषि, दवा, आईपीआर और निवेश नियमों के मामले में। जबकि कई विशेषज्ञ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खाके के बारे में चिंता जता रहे हैं, हमें अमेरिका की मांगों को समझने की जरूरत है, और किसी एक या अधिक मुद्दों पर झुकने से भारत को कैसे नुकसान हो सकता है, इस पर बहस करने की जरूरत है।


हमें यह जानने की जरूरत है कि चूंकि कई अमेरिकी टैरिफ भारत द्वारा निर्यात नहीं किए जाने वाले उत्पादों को लक्षित करते हैं, इसलिए पारस्परिक शुल्क भारतीय निर्यातकों को महत्वपूर्ण रूप से नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। हम व्यापार सौदों के माध्यम से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास कर सकते हैं, जो कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स और सौर उपकरण जैसे विनिर्माण उद्योगों को भारत के मेक इन इंडिया अभियान के साथ तालमेल बिठाते हुए, अमेरिकी बाजारों तक पहुंचने और पैमाने हासिल करने में मदद कर सकता है। अगर यह सीमित व्यापार सौदों के माध्यम से भी हासिल किया जा सकता है, तो यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है, क्योंकि एक पूर्ण मुक्त व्यापार समझौते से सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, आईपी अधिकार और उदारीकृत डेटा प्रवाह पर दबाव आयेगा। ये वे क्षेत्र हैं, जिनका भारत लंबे समय से विरोध करता रहा है। पूर्ण व्यापार सौदे का एक और नकारात्मक पहलू यह है कि अमेरिका भारत पर ऊर्जा और रक्षा वस्तुओं के आयात को बढ़ाने का दबाव डाल सकता है, जब तक कि इसका प्रतिकार नहीं किया जाता है, तब तक भारत की व्यापार स्थिति खराब हो सकती है। इसलिए, यह उचित होगा, अगर भारत शून्य से शून्य टैरिफ की पेशकश करे, जैसे कि यह संवेदनशील क्षेत्रों को छोड़कर कम जोखिम वाली श्रेणियों में टैरिफ में कटौती का आदान-प्रदान हो। साथ ही हमें सेवाओं, सरकारी खरीद, आईपी और कृषि पर बाध्यकारी समझौतों से बचने की जरूरत है। प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते में दो प्रमुख विवादास्पद मुद्दे कृषि और एमएसएमई के हैं। हम जानते हैं कि कृषि भारत के 45 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देती है, और कोई भी समझौता जो कृषि को प्रभावित करता है, वह राष्ट्र की आजीविका और खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। इस बीच, आश्चर्यजनक रूप से नीति आयोग ने एक कार्य पत्र जारी किया है, जिसमें अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) सोयाबीन और मक्का जैसे कृषि उत्पादों के आयात पर शुल्क कम करने और साथ ही पोल्ट्री और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने का सुझाव दिया गया है।

नीति आयोग द्वारा तैयार कार्य पत्र ने किसान संगठनों में भारी रोष पैदा कर दिया है। उनका कहना है कि अगर ये सुझाव मान लिए गए तो इससे बहुत नुकसान हो सकता है। इसी तरह, समझौते में लघु उद्योग क्षेत्र के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। डेटा संप्रभुता और आईपीआर भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका हमे जितना दे सकता है, उससे कहीं अधिक मांग कर रहा है। हमें यह समझने की जरूरत है कि अमेरिका के साथ समझौता हो या न हो, भारत से अमेरिका को निर्यात बिना रोक-टोक जारी रहेगा और कोई कारण नहीं है कि हम एक सीमा से अधिक रियायतें दें, जिससे भारतीय कृषि, लघु उद्योग और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास को नुकसान पहुंचे।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी




संकलित

## दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित

## प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकार फर्जी लोन एप्स से कड़ाई से निपटे

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### चीन ने वीजा नियमों में ढील दी 74 देशों को नहीं लगेगा वीजा


चीन ने अपने वीजा नियमों में ऐतिहासिक रूप से ढील दी है, जिससे 74 देशों के नागरिक अब बिना वीजा के 30 दिनों तक इस एशियाई देश की यात्रा कर सकते हैं। इस नीति का उद्देश्य पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। पिछले वर्ष दो करोड़ से अधिक लोग बिना वीजा के चीन गए थे, जो 2023 के मुकाबले दोगुनी संख्या है। वीजा नियमों में ढील दिए जाने के बाद अब विदेशी पर्यटक चीन जा रहे हैं। ऑस्ट्रिया में रह रहे जॉर्जिया के एक नागरिक जॉर्जी शावाद्जे ने बीजिंग में 'टेम्पल ऑफ हेवन' की अपनी हालिया यात्रा के बारे में कहा, 'यह वास्तव में यात्रा को आसान बनाता है क्योंकि वीजा के लिए आवेदन करना और उसकी पूरी प्रक्रिया से गुजरना एक झंझट होता था। हालांकि, अधिकांश पर्यटन स्थल अब भी घरेलू पर्यटकों से भरे हैं, लेकिन पर्यटन उद्योग विदेशी आगंतुकों की संभावित बढ़ोतरी के लिए तैयार हो रहा है। कोविड-19 के कारण लगे कड़े प्रतिबंधों को हटाने के बाद चीन ने 2023 की शुरुआत में पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं फिर से खोल दी थीं, लेकिन उस वर्ष केवल 1.38 करोड़ लोग ही चीन गए थे, जो महामारी से पहले 2019 के 3.19 करोड़ के आंकड़े के आधे से भी कम है। दिसंबर 2023 में चीन ने फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और मलेशिया के लिए बिना वीजा के यात्रा की घोषणा की थी।



## ऑफ बीट

### चैटजीपीटी का उपयोग ठप कर सकता है मस्तिष्क को

चैटजीपीटी के लगभग तीन साल पहले आने के बाद से, सीखने पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीकों के प्रभाव पर व्यापक रूप से बहस हुई है। क्या वे व्यक्तिगत शिक्षा के लिए उपयोगी उपकरण हैं, या अकादमिक बेईमानी के प्रवेश द्वार हैं? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बात की चिंता है कि एआई के इस्तेमाल से व्यापक रूप से "मूर्खता" पैदा होगी, या आलोचनात्मक ढंग से सोचने की क्षमता में गिरावट आएगी। तर्क यह है कि अगर छात्र बहुत जल्दी एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं, तो उनमें आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान के लिए बुनियादी कौशल विकसित नहीं हो सकते। क्या वाकई ऐसा है? एमआईटी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि निबंध लिखने में मदद के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करने से संज्ञानात्मक समझ और 'सीखने के कौशल में संभावित कमी' हो सकती है। तो अध्ययन में क्या पाया गया? चार महीनों के दौरान, एमआईटी टीम ने 54 वयस्कों से एआई (चैटजीपीटी), एक खोज इंजन या अपने स्वयं के मस्तिष्क (केवल मस्तिष्क समूह) का उपयोग करके तीन निबंधों की एक श्रृंखला लिखने के लिए कहा।




## ट्रेंड

### बिहार युवा आयोग गठित



बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है।

-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

### आपदा प्रभावितों का दर्द



आपदा प्रभावितों का दर्द सुनकर मन बहुत ही व्यथित है। सराज अभी भी दर्द में डूबा है। त्रासदी ने हमारी दशकों की मेहनत को कुछ सेकंड में ही तहस-नहस कर दिया। हमारे कई लोगों को हमसे छीन लिया। ईश्वर उन्हें सद्गति दे।

-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल

### भारत की शानदार जीत



एजबेस्टन में भारत की शानदार जीत। निडरता से खेले और इंग्लैंड को लगातार परेशान किया। सभी ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सिराज और आकाश ने इस पिच पर जिस तरह की गेंदबाजी की, उसके लिए उनका विशेष उल्लेख है।

-विराट कोहली, क्रिकेटर

### चिंता रॉकिंग चेयर जैसी



चिंता रॉकिंग चेयर के जैसी होती है, जो हमें हिलाती है पर ले कहीं नहीं जाती। समस्या के बारे में सोचना 'चिंता' है और समाधान के बारे में विचारना 'चिंतन'। चिंता स्वीकारे बिना हम चिंतन तक नहीं पहुँच सकते।

- आशुतोष राणा, अभिनेता

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोनः 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिलासपुर
बुधवार, 9 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 25, अंक : 108
पृष्ठ : 12+6= 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 30.2
न्यून. 24.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# रायपुर आ रही फ्लाइट इंदौर लौटी, ऐसी तकनीकी खराबी कि दोबारा उड़ी ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर/रायपुर

इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-रायपुर उड़ान को मंगलवार को उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद ही तकनीकी खराबी के चलते स्थानीय देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर वापस उतारा गया, जिसमें 51 यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने को बताया कि इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-7295 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान इंदौर से उड़ान भरकर आकाश में करीब 60 नॉटिकल मील की दूरी तय कर चुका था। उन्होंने बताया कि यह हवाई जहाज मंगलवार सुबह 06:35 के आस-पास स्थानीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था और इसके चंद मिनटों बाद विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सूचना देते हुए तकनीकी कारणों से इसे वापस हवाई अड्डे पर उतारा। हवाई अड्डे के निदेशक ने विमान की तकनीकी खराबी का विशिष्ट ब्योरा दिए बगैर दावा किया कि विमान की 'आपात लैंडिंग' नहीं हुई। उन्होंने बताया कि विमान में 51 यात्री सवार थे।

खास खबर

## इंडिगो की उड़ान में सवार थे 51 यात्री

### अलार्म या कुछ और होगी जांच

इंदौर से रायपुर के लिए उड़े विमान में क्या खराबी आई, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के अनुसार फाल्स अलार्म के कारण विमान को तुरंत उतारना पड़ा। लेकिन इसी फ्लाइट में सफ़र कर रहे पैसेंजर ने रायपुर में एक परिचित को बताया कि फ्लाइट के टेकऑफ होते समय एक आवाज आई थी, जो नार्मल नहीं है। रायपुर आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग को गैर-तकनीकी लोग इसी आवाज़ से जोड़कर देख रहे हैं।



### अहमदाबाद हादसे के बाद पायलट चौकन्ने

अहमदाबाद में एयर इंडिया के दर्दनाक विमान हादसे के बाद पूरे देश की हर एयरलाइंस में पायलट अत्यधिक चौकन्ने हैं। बरसात में सतर्कता और बढ़ गई है। इसके दो कारण हैं। पहला बादल-बारिश के कारण अदृश्यता और दूसरा रनवे पर फिसलन। दोनों ही मामलों को हर फ्लाइट में गंभीरता से लिया जा रहा है।

### इधर, विमान में बम की अफवाह, प्राथमिकी दर्ज

चंडीगढ़। हैदराबाद से पिछले सप्ताह यहां शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे इंडिगो के एक विमान में बम होने की अफवाह के संबंध में पंजाब पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पांच जुलाई को हवाई अड्डे पर उतरने के बाद विमान की सफाई के दौरान उसके शौचालय में 'अंदर बम है' लिखा 'एक टिशू पेपर' मिला था। ये सूचना लिखी मिलने के बाद विमान की गहन तलाशी ली गई, लेकिन इस दौरान कोई विस्फोटक नहीं मिला।

## पीएम मोदी को ब्राजील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



### ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस

ब्रासीलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

### 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व की बात

सम्मानित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति लूला को रियो और ब्रासीलिया में हमारे गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे ब्राजील का सर्वोच्च सम्मान प्रदान करना मेरे लिए ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व की बात है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सामल पुनः ओडिशा भाजपा के अध्यक्ष



भुवनेश्वर। ओडिशा में भाजपा ने मनमोहन सामल को फिर से राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। भाजपा के केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक संजय जायसवाल ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सामल की इस पद पर दोबारा नियुक्ति की घोषणा की। वह इस पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले अकेले नेता थे।

### शहरी क्षेत्रों में नक्सलवाद पर अंकुश की तैयारी



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शहरी क्षेत्रों में नक्सलवाद और उसके समर्थकों पर अंकुश लगाने के लिए लाए गए विधेयक के मसौदे की समीक्षा की है। इसे विधानमंडल के चालू मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संयुक्त चयन समिति ने अंतिम रूप दे दिया है।

### युवती पर हमला कर युवक ने की खुदकुशी



मंगलुरु। दक्षिण कन्नड़ जिले में एक युवक ने कथित रूप से शादी से इनकार करने पर 26 वर्षीय युवती पर चाकू से हमला कर दिया और बाद में अपनी जान दे दी। दिव्या उर्फ दीक्षित का कथित तौर पर सुधीर (30) के साथ करीब आठ वर्षों तक प्रेम संबंध था।

### दुकान में लूटपाट, जौहरी की गोली मारकर हत्या



सूरत। सूरत शहर में हथियारबंद लुटेरों ने आभूषणों के एक शोरूम से कीमती सामान लूटने के दौरान जौहरी की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया। सोमवार रात को हुई इस घटना के बाद तीन लुटेरे भाग गए लेकिन एक को स्थानीय लोगों ने कुछ देर उसका पीछा करने के बाद पकड़ लिया।

### तेलंगाना हादसे में मृतक संख्या बढ़कर 44 हुई



हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में 'सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के दवा उत्पादन संयंत्र में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 44 हो गई। पशम्यलारम स्थित संयंत्र में हुए विस्फोट के बाद से आठ लोग अब भी लापता हैं।

## ट्रेड डील से पहले ट्रंप का 'खेल', भारत को बड़ा झटका, ब्रिक्स देशों पर 10% लगेगा टैरिफ

# डोनाल्ड ट्रंप ने फोड़ा टैरिफ बम, म्यामां पर 40 और बांग्लादेश पर 35 फीसदी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता करीब है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रशासन ने कई देशों को आयातित उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए पत्र भेजना शुरू कर दिया है। ट्रंप ने कहा, हमने ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है, हमने चीन के साथ एक समझौता किया है। हम भारत के साथ एक समझौता करने के करीब हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, हमने अन्य लोगों से भी मुलाकात की थी और हमें नहीं लगता कि हम समझौता कर पाएंगे, लिहाजा हमने उन्हें एक पत्र भेजा है। यदि आप अपना सामान (अमेरिका) भेजना चाहते हैं, तो आपको इसका (शुल्क का) भुगतान करना होगा।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी प्रशासन ने दो जुलाई से लगाए गए उच्च शुल्क के निलंबन को नौ जुलाई से बढ़ाकर एक अगस्त कर दिया है। इससे भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मिल गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत कोई भी व्यापार समझौता ▶▶|शेष पेज 6 पर

*अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए जाने वाले टैरिफ की जानकारी आखिरकार मिलनी शुरू हो गई है। भारत-यूएस के बीच ट्रेड डील को लेकर अंतिम दौर की बातचीत चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश के निर्यात पर 35फीसदी का भारी टैरिफ लगाया है। इसके अलावा लावा और म्यांमार पर 40 फीसदी टैक्स लगाया गया है। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है।*

### ट्रंप फिर बोले- मैंने रुकवाया भारत-पाक संघर्ष

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में छिड़े संघर्ष को यह कहकर रुकवाया था कि यदि वे इसे जारी रखेंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापार नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा, हमने बहुत से संघर्ष रोके हैं। मुझे लगता है कि इनमें से सबसे बड़ा संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच था। हमने व्यापार के नाम पर इसे रोक दिया। हमने उनसे कहा कि अगर आप संघर्ष करते रहेंगे तो हम आपके साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न हैं। और मुझे लगता है कि इसे रोकना बहुत महत्वपूर्ण था। हालांकि, भारत का कहना है कि उसके जोरदार जवाबी हमले के कारण पाकिस्तान को संघर्ष विराम की गुहार लगाने पर मजबूर होना पड़ा।



### ट्रंप ने टैरिफ पत्रों में क्या कहा

ट्रंप के सभी पत्रों की शुरुआत इन शब्दों से होती है: आपको यह पत्र भेजना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है क्योंकि यह हमारे व्यापारिक संबंधों की ताकत और प्रतिबद्धता को दिखाता है। अमेरिका ने आगे बढ़ने का फैसला किया है।

**इन्हें टैक्स में मिल सकती है छूट :** ट्रंप ने अपने पत्रों में तर्क दिया कि अगर ट्रेड पार्टनर्स, अमेरिका में उत्पादों के "बिल्ड और मैन्युफैक्चर" के लिए सहमत होते हैं तो रेसिप्रोकल टैरिफ की कोई जरूरत नहीं होगी। हम जल्दी, पेशेवर और नियमित रूप से मंजूरी प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे- दूसरे शब्दों में, कुछ ही हफ्तों में। चेतावनी दी गई है, यदि किसी भी कारण से टैरिफ बढ़ाने का फैसला लेते हैं, तो आप उन्हें बढ़ाने के लिए जो भी संख्या चुनेंगे, वह हमारे द्वारा वसूले जाने वाले 25% में जोड़ दी जाएगी।

### इन देशों को तगड़ा झटका

| | |
|---|---|
| बांग्लादेश | 35% |
| बोस्निया और हर्जेगोविना | 30% |
| कंबोडिया | 36% |
| इंडोनेशिया | 32% |
| जापान | 25% |
| कजाकिस्तान | 25% |
| लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक | 40% |
| मलेशिया | 25% |
| म्यांमार | 40% |
| रिपब्लिक ऑफ सर्बिया | 35% |
| रिपब्लिक ऑफ ट्यूनिशिया | 25% |
| दक्षिण अफ्रीका | 30% |
| दक्षिण कोरिया | 25% |
| थाइलैंड | 36% |

### तीसरा पत्र इनके नाम

पहले दो पत्र जापान और दक्षिण कोरिया के लिए थे। तीसरा पत्र मलेशिया के प्रधानमंत्री को लिखा गया था। इसके बाद कजाकिस्तान, द.अफ्रीका, लाओस, म्यांमार, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, बांग्लादेश, सर्बिया, कंबोडिया और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र लिखा गया था।

## ग्रेच्युटी निकलवाने के लिए मांगा घूस

# 54 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा गया लेखापाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

एसीबी ने सेवानिवृत्त कर्मचारी से ग्रेच्युटी व अन्य राशि निकलवाने के एवज में 54 हजार रुपए घूस लेते मुंगेली बीएम ओ कार्यालय के एकाउंटेंट को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को मुंगेली ग्राम फंदवानी निवासी ललित सोनवानी ने शिकायत की कि वे स्वास्थ्य पर्यवक्षक के पद से 30 जून 2025 को बीएमओ कार्यालय मुंगेली से सेवानिवृत्त हुए हैं। वे ग्रेच्युटी व अन्य राशि निकलवाने के लिए बीएमओ कार्यालय मुंगेली के एकाउंटेट बृजेश सोनवानी से मिलने गए तो उसके द्वारा ग्रेच्युटी की राशि निकलवाने के लिए 61 हजार रुपए की मांग की गई और वह रिश्वत देना नहीं चाहते थे।

एसीबी ने शिकायत की सत्यापन कराए जाने पर शिकायत सही पाई और सत्यापन के दौरान बृजेश सोनवानी उनसे 7 हजार रुपए ले लिया था। 8 जुलाई को सेवानिवृत्त सोनवानी को रिश्वत की शेष राशि 54 हजार रुपए देने के लिए भेजा गया। एसीबी की टीम ने तखतपुर रियांश होटल के पास एकाउंटेट बृजेश सोनवानी को सेवानिवृत्त सोनवानी से 54 हजार ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इन पर भी हो चुकी है कार्रवाई

इसके पहले पूर्व प्राचार्य मालिकराम मेहर, बाबू हनी शर्मा, राजस्व विभाग के निरीक्षक नरेश साहू, पटवारी सुशील जायसवाल, उसके सहायक एवं पुलिस विभाग के एएसआई राजाराम साहू, पटारी उत्तम कुर्रे, सीएसपीडीसीएल के सब इंजीनियर कृष्ण कुमार गुप्ता व उसके सहायक के विरूद्ध ट्रैप की कार्रवाई की गई थी। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

# व्यावसायिक रंजिश से खेमका की हत्या, 10 लाख की दी थी सुपारी



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की राजधानी पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस पूरी वारदात के पीछे व्यवसायिक रंजिश माना जा रहा है। इस पूरे हत्याकांड के मास्टरमाइंड कारोबारी अशोक साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने मामले के एक अन्य आरोपी विकास उर्फ राजा को मुठभेड़ में मार गिराया था। इस मामले में गिरफ्तार एक अन्य शूटर उमेश यादव की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार व कैश भी बरामद कर लिया है।

- गोपाल खेमका हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### कुख्यात आरोपी को दी थी सुपारी

पुलिस ने बताया कि कारोबारी अशोक साव ने खेमका की हत्या के लिए बेऊर जेल में बंद कुख्यात आरोपी अजय वर्मा को 10 लाख रुपए की सुपारी दी थी। उसके बाद अजय वर्मा के कहने पर उमेश यादव को 1 लाख रुपये बतौर एडवांस भी दिए थे। वारदात के बाद उमेश कुछ देर के लिए साव के घर पर भी रुका था। पुलिस ने बताया कि पुलिस अब साव से पूछताछ कर हत्या का कारण और इसमें शामिल अन्य लोगों का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### आरोपी विकास ने मुहैया कराए थे हथियार

पुलिस ने बताया कि मंलवार तड़के खेमका की हत्या में शामिल रहे एक अन्य आरोपी विकास उर्फ राजा को मुठभेड़ में मार गिराया है। उसके पास से एक पिस्टल, गोलियां और खाली खोखे बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि राजा ने ही खेमका की हत्या के लिए उमेश को हथियार मुहैया कराए थे और वारताद के समय वह भी उमेश के साथ मौजूद था। गिरफ्तारी के बाद उमेश ने इसका खुलासा किया है।

### उमेश की निशानदेही पर हथियार बरामद

पुलिस ने बताया कि सोमवार को बेऊर जेल में बंद कुख्यात आरोपी अजय वर्मा से पूछताछ करने पर आरोपी उमेश को लेकर अहम जानकारी हाथ लगी थी। उसके बाद पुलिस ने दबिश देकर उमेश को उसके घर से दबोच लिया था। पुलिस ने उसके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और पिस्तौल, 80 जिंदा कारतूस, 2 मोबाइल फोन और एक लाख रुपये नकद समेत अहम सबूत बरामद किए थे। पूछताछ में उसने ही साव को मास्टरमाइंड बताया है।

# पुल टूटने से कार बही, 4 की मौत भू-स्खलन से बद्रीनाथ मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में मॉनसून ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मध्य प्रदेश के अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई। उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर भू-स्खलन से रास्ता बंद हो गया है। देहरादून में घरों में पानी घुस गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में हुई बारिश के बाद येलो ▶▶|शेष पेज 6 पर

## मूसलाधार बारिश, छग समेत कई राज्यों में अलर्ट



### हिमाचल में 28 लापता राजस्थान में महिला की मौत

हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है।

### छत्तीसगढ़- महाराष्ट्र में भारी बारिश का अनुमान

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में रैपिड कंवर्जेंस और डीप कन्वेक्शन के कारण भारी बारिश का अनुमान है। इसका असर मध्य प्रदेश, उत्तर तेलंगाना और आसपास के क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा। यह बारिश 9 जुलाई तक जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि छत्तीसगढ़, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी से अति भारी बारिश हो सकती है।

## केंद्रीय मंत्री ने दी जानकारी

# कर्मचारी भविष्य निधि में इस हफ्ते जमा होगा ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंशधारकों के खाते में 8.25 प्रतिशत ब्याज जमा करने की प्रक्रिया इस सप्ताह पूरी कर लेगा। भविष्य निधि पर देय ब्याज दर की केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद हर साल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने सदस्यों के खातों में ब्याज राशि को जमा करता है। ▶▶|शेष पेज 6 पर




### 8.25 प्रतिशत की ब्याज

ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर बरकरार रखने का 28 फरवरी को फैसला किया था। इसके बाद इसे वित्त मंत्रालय की सहमति के लिए भेजा गया था। यह वित्त वर्ष 2023-24 की ब्याज दर के समान ही है।

## राज्य में मांग के मुताबिक उपलब्ध है शराब

# बढ़ गए पियक्कड़...तीन माह में शराब से कमाए 2300 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में शराब की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 10 प्रतिशत वृद्धि हुई है, लेकिन दूसरी ओर राज्य में 67 नई शराब दुकान खोले जाने का विरोध भी तेज हो गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो विरोध के मद्देनजर अब उन जगहों पर नई दुकान खोली जाने की बात तय हुई है, जहां विरोध नहीं है।

### तीन महीनों में 2300 करोड़ का राजस्व

आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार 1 अप्रैल से अब तक की स्थिति में राज्य में आबकारी से करीब 2300 करोड़ रुपयों का राजस्व मिला है। खास बात ये है कि यह वृद्धि पिछले साल इसी समय के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक है। शराब के शौकीनों के लिए सरकार ने देशी, अंग्रेजी, विदेशी शराब के सभी तरह के ब्रांड उतारे हैं। इनमें सस्ती से लेकर महंगी हर किस्म की शराब है। राज्य में देशी शराब की मांग अधिक होने के कारण देशी का नया ब्रांड सवा शेरा भी उतार दिया गया है। लिहाजा मांग के साथ पीने पिलाने की सुविधा बेहतर होने से शराब की बिक्री और राजस्व में अप्रैल के बाद से अब तक तेजी आई है।



**कई जिलों में विरोध :** राजधानी रायपुर से लेकर दुर्ग और बलौदाबाजार सहित कई अन्य जिलों में नई शराब दुकानों का विरोध तेज हो गया है। कई स्थानों पर नागरिक, कहीं महिलाएं और कुछ जगहों पर सियासी कारणों से भी विपक्षी दलों के लोग विरोध कर रहे हैं। दूसरी ओर आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो विरोध की स्थिति को देखते हुए यह तक किया जा रहा है कि जहां विरोध नहीं है, वहां नई दुकान खोली जाए। जहां काफी विरोध हो रहा है, वहां दुकान खोलने के लिए स्थानीय प्रशासन भी दबाव नहीं बना रहा है।

### 67 नई शराब दुकानों का विरोध हुआ तेज

इधर राज्यभर में शराब की 67 नई दुकानें खोलने का विरोध तेज हो रहा है। जिन जिलों में ये नई दुकानें खोलने की तैयारी की जा रही है, वहां से विरोध के स्वर तेज हो रहे हैं। राज्य में शराब की दुकानों में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने की मंजूरी कैबिनेट ने दी थी। पिछले वित्तीय वर्ष की स्थिति में राज्य में कुल 674 दुकानें थी। 10 प्रतिशत संख्या बढ़ाने की मंजूरी के बाद दुकानों की संख्या में 67 की वृद्धि के साथ कुल दुकानों की संख्या 741 हो जाएगी, लेकिन नई दुकानों का विरोध होने के कारण दुकानों की संख्या फिलहाल बढ़ नहीं पा रही है।



# छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में भाव तत्व

कला जगत
डा. शैल चंद्रा

किसी वर्ग विशेष के सांस्कृतिक इतिहास का ज्ञान उसकी प्रथाओं, लोकगीतों को संकलित कर सहज ही लगाया जा सकता है। अपरिवर्तनीय रूप से जन समुदायों के पास यह अमूर्त संस्कृति महान संपदा है, जिसकी झलक उनके त्योहारों और उत्सवों में पाई जा सकती है। पीढ़ी दर पीढ़ी यह लोकगीत विरासत में मिलते हैं। यह लोकगीत समाज में व्याप्त विषमताओं, सुख दुख, हर्ष उत्साह, ऐतिहासिक घटनाओं, पौराणिक कथाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। छत्तीसगढ़ के लोक गीतों में लोरिक चंदा, पंडवानी, भरथरी,



आल्हा, ढोला मारु, बसदेवा गीत जिसमें कृष्ण लीला, राजा मोरध्वज की कथा, कर्ण की कथा तथा श्रवण कुमार की कथा का वर्णन होता है। लोकगीत ऐसी ही विरासत में मिलने वाले लोक के गीत हैं, जिन्हें कोई एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरा समाज अपनाता है। लोकगीत की वाचिक परम्परा ने समाज के अंतर संबंधों को बचाए रखा है। इन लोकगीतों ने समाज की स्थिति, पारिवारिक संबंधों को भी मजबूती दी है। चाहे विवाह गीत हो, सुवा गीत, भोजली, जवारा गीत हो या गौरा गौरी गीत। इनमें एक दर्शन है, संबंधों की मजबूत डोर है। यह लोकगीत जीवन की शक्ति है, जिसकी अंतःप्रेरणा ही मनुष्य को निराश होने से बचाती है। यह ऐसे वट वृक्ष हैं जिनकी छाया में जीवन की संवेदनाओं को शांति, शीतलता और आनंद की प्राप्ति होती है।

लोक साहित्य
प्रो. वंदना रानी

## बस्तर का लोक महाकाव्य जगार



आज भी बस्तर में वाचिक परम्परा में लोक साहित्य विद्यमान है। यह एक ऐसी परम्परा है जिसमें कथा, कहानियां, गीतों या साहित्य को पन्नों पर लिखने के बजाय याद करके सदियों तक सुरक्षित रखा जाता है। पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ियों को मौखिक रूप से इन साहित्य का वाचन कराती है। इस तरह से यह संपूर्ण साहित्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी हस्तांतरित होते आए हैं। लोक साहित्य में सभी प्रकार की जन जीवन की भावनाएं बिना किसी कृत्रिमता के समाई रहती हैं। अतः किसी क्षेत्र की समूची संस्कृति व साहित्य का अध्ययन करना हो तो वहां के लोक साहित्य का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। यह लिपिबद्ध कम और मौखिक ज्यादा होते हैं। अभी भी बहुत से मौखिक लोक साहित्य बहुत बड़ी संख्या में संग्रहित हैं। जगार संभवतः जागृति या यज्ञ शब्द का अपभ्रंश है। यह एक ऐसा लोक महाकाव्य है जिसका पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण स्मृति आधारित है। इसकी विशेषता है कि इसका गायन महिलाओं द्वारा ही किया जाता है। जगार की प्रक्रिया में इसकी गायिकाएं जिन्हें गुरुमाए कहा जाता है, देवताओं का आह्वान करते हुए मंगल अवसर पर विभिन्न प्रकार के जगारों का गायन करती हैं। आठे जगार, तीजा जगार और लक्ष्मी जगार की प्रकृति महाकाव्य की है।

लोक नाट्य
डा. तीर्थेश्वर सिंह

## मिट्टी की गाड़ी का प्रदर्शन हमेशा इतिहास रचा



हबीब तनवीर ने हिन्दुस्तानी थियेटर के लिए शुद्रक का मिट्टी की गाड़ी को चुना। देश विदेश में इस मंचन ने धूम मचा दी। उन्होंने इस नाटक में भारतीय संगीत और नृत्य परंपराओं का प्रयोग बड़ी सूझबूझ के साथ किया। हबीब तनवीर की विशेषता थी कि वे अपनी असफलताओं से सीख लेते थे। नया थियेटर के कलाकारों के साथ हबीब जी बहुत दूर तक जाने में सफल रहे हैं। इस लोक नाट्य ने केवल हिन्दी रंगमंच पर ही भारतीय रंग मंच पर अपनी छाप छोड़ी। इस लोक नाट्य के प्रभाव से ही संगीत नाटक अकादमी के पुरस्कार का कारण बना। आपके रंगकर्म की सार्थकता और सफलता की कसौटी प्रयोगात्मकता , शोध, अनुसंधान और अन्वेषण की निरंतरता के कारण आप सफल होते चले गए। हबीब जी ऐसे रंगकर्मी रहे जो अपने अपने नाटकों और छत्तीसगढ़ के कलाकारों के माध्यम से लोक संस्कृति को प्रचारित और प्रसारित किया।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

ऐतिहासिक
विजय शर्मा

# छत्तीसगढ़ में मुगल शासन

कल्चुरियों के शासन काल में ही मुगलों का आगमन हो चुका था, लेकिन इसका प्रभाव उत्तर भारत में ही अधिक था। भारत में 1032 ईस्वी से मुहम्मद गजनवी का 17 बार आक्रमण हुआ। 1030 ई. में उसकी मृत्यु के बाद उसका उत्तराधिकारी मुहम्मद गौरी ने भारत पर आक्रमण किया और पराजित हुआ। सन 1192 ई. में पृथ्वीराज से अपनी हार का बदला लेने के लिए 12000 घुड़सवार की सेना लेकर भारत पर आक्रमण किया। पृथ्वीराज की विशाल सेना के साथ उसने मुकाबला किया, लेकिन विश्वासघाती जयसिंह के कारण राजपूतों की हार हुई। अंत में पृथ्वीराज को कैद किया गया और एक घटनाक्रम में उसका अंत हो गया।




15 अगस्त 1206 में मुहम्मद गौरी के मृत्यु के बाद कुतुबुद्दीन ऐबक उसके बाद आरामशाह फिर सुबेदार इल्तुतमिश उसके उत्तराधिकारी रजिया सुल्तान हुई जो दिल्ली सल्तनत के इतिहास में प्रसिद्ध हुई। इस प्रकार मुस्लिम शासकों का प्रभाव बढ़ता गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सन 1346 ईसवी में सरगुजा में खलीफा नाम के आक्रमणकारी सेनापति ने आक्रमण किया। बाद में मुगल साम्राज्य में हुमायूं , अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब का शासन उल्लेखनीय है। उस समय यहां के महाराज कल्याणसाय मुगल सम्राट अकबर के समकालीन थे। अकबर अपने राजनीतिक दूरदर्शिता और महत्वाकांक्षा में बेजोड़ था। उसने शहजादा परवेज के अगुवाई में ओडिशा अभियान के दौरान कल्याण साय पर आक्रमण किया। कल्याण साय पराजित हो गया। उसे दिल्ली जाने पर विवश किया, उन्होंने 22 अधीनस्थ नरेश, 18 राजकुमार व बिलासा धीवरिन , नरियरा के भैरा दुबे व महाराजा के दूध भाई गोपाल राय मल्ल जो कल्याण साय की माता भवानी मति ने पालन पोषण किया था। इनका काफिला दिल्ली पहुंचा और 17 वर्षों तक दिल्ली में रहने के बाद अकबर की अनुमति से वापस रतनपुर आकर 200 वर्ष तक राज किए।



गांव की कहानी : मदनलाल गुप्ता

# योगिनी की साधना स्थली कहलाया जोगनीपाली


सरायपाली से लगभग 5 कि मी दूर दक्षिण दिशा में पद्मपुर सड़क के दाहिनी ओर जोगनीपाली ग्राम स्थित है। यह ग्राम ऐतिहासिक गढ़ों के समीप होने के कारण इस ग्राम का अत्यधिक महत्व रहा होगा। ग्राम के नाम से प्रतीत होता है कि यह तंत्र मंत्र साधना का केन्द्र रहा होगा। ज्योतिष शास्त्र में यात्रा में जाने के पूर्व योगिनी विचार किया जाता है। भूत,प्रेत, पिशाच और योगिनी नाम के किस्से कहानियां इस गांव में सुनने को मिलते रहते हैं। अनुमान लगाया जाता है कि यह योगिनी शब्द कालांतर में जोगिनी के रूप में प्रयुक्त होने लगा। बोलचाल की भाषा में जोगनी शब्द का प्रयोग होते आ रहा है। पहले किसी भी बसाहट के नाम के साथ पल्ली अथवा पाली सामान्यतः जोड़ दिया जाता था। इस प्रकार इस ग्राम का नाम जोगनीपाली हुआ होगा।



सुरता
राजेन्द्र कुमार पाण्डेय

## शिव कुमार की लेखनी में संघर्षों के लिए आव्हान

हिन्दी और छत्तीसगढ़ के साहित्य साधक पंडित शिव कुमार पांडे का जन्म रायगढ़ में हुआ था। आपको कई वरिष्ठ साहित्यकारों का सानिध्य मिला, जिसके प्रभाव से आपकी लेखनी में निखार आता गया। साहित्यिक क्रियाकलापों में आपकी सक्रियता बराबर बनी रहती थी। प्रायः हर साहित्यिक आयोजनों में आप सम्मिलित होते रहते थे। बहुत कम समय में आपने साहित्य जगत में अपना स्थान बना लिया था। आपकी चार हिंदी की काव्य संग्रह युगाक्षर, अनुभूति, युगानुभूति, युग परिचय और एक छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह लाली परसा के फूल है। आपके पद में प्रकृति सौंदर्य के प्रतीकों के साथ वासना का भ्रमर, वासन्ती बयार गीत, मेरा गांव और बसंत आया श्रृंगारित रचनाएं हैं, इसमें छायावादी संस्कार प्रबल है।



उनकी छत्तीसगढ़ी कृति की कविता का अंश -

सोनहा अंगरा कस काया
मया के हावय तिजोरी
कुल कुल हांसी के थोकरा
बांधय पीरित के डोरी।

आपकी कविताओं में प्रेम भाव प्रकृति के साथ साथ लौकिक परक होते हुए अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच कर अलौकिकता को स्पर्श करने लगता है।

उनकी अनेक संग्रह प्रकाशित नहीं हो सकी। अचानक वे इस संसार से विदा हो गए।

स्मृति शेष

# पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे : जिनकी कविताओं ने जीवन को मुस्कुराना सिखाया

उज्ज्वल दीपक

कुछ महीनों पहले रायपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में एक रोचक वाकया हुआ। हुआ ये की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगभग एक घंटे बैठने के बाद उठकर जाने लगे, क्योंकि अगले दिन विधानसभा का सत्र था। अपनी बारी न होने के बावजूद, अचानक स्टेज पर कवि सुरेंद्र दुबे ने माइक अपने हाथों में लिया और मुख्यमंत्री को अनुरोधपूर्वक बैठने के लिए कहा, क्यूंकि उनका कविता पढ़ना शेष था। मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगण तुरंत कुर्सी पर वापस जाकर बैठे और फिर लगभग एक घंटे तक दुबे की रचनाओं पर मुस्कुराते, खिलखिलाते रहे, फिर उनकी कविता पढ़ने के बाद ही वापस लौटे। ऐसा व्यक्तित्व था कवि सुरेंद्र दुबे का, जिन्हें सुनने लोग इंतजार किया करते थे, जिनके नाम भर से ही लोग कवि सम्मेलन में जाया करते थे।

अपने बाल्यकाल से ही जिन्हें सुनते-सुनते छत्तीसगढ़ी भाषा का रसपान किया हो। आज उनकी श्रद्धांजलि दिवस पर लिखते हुए हृदय संवेदनाओं से भरा हुआ है। छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर छत्तीसगढ़ का झंडा बुलंद करने वाले माटी पुत्र, पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे हमारे बीच नहीं रहे। कवि सम्मेलनों में अब शायद वो आनंद नहीं आएगा, जो सुरेंद्र दुबे के रहने से आता था। एक शून्य सा प्रतीत हो रहा है।

मेरे स्वर्गीय नाना अपने जीवन के अंतिम पल तक कवि सम्मेलन सुनने को आतुर रहते थे। एक बहुत ही अनुशासित एवं सख्त शिक्षक कवि सम्मेलन वाली रात को अपनी तय दिनचर्या का त्याग कर पूरी रात कवियों के साथ बिताने को तत्पर रहते थे। एक पत्रकार के रूप में मेरे स्व. पिता ने



मुझे साहित्य से परिचय कराया था और बाद में अपनी माताजी और मामा के साथ मैं भी कवि सम्मेलनों से लगाव रखने लग गया। उपरोक्त सभी विषयों में जो एक समानता थी, वे हैं कवि सुरेंद्र दुबे। हास्य व्यंग्य से मेरा परिचय उन्होंने ही करवाया है। वे हमेशा कहा करते थे- कुछ कवि लिखते अच्छा हैं। कुछ स्टेज पर परफॉर्म अच्छा करते हैं, जो इन दोनों विधाओं में विद्वता रखता हो, वो महान होते हैं। सुरेंद्र दुबे उन बिरले रचनाकारों में एक हैं जो इन दोनों विधाओं में पारंगत थे। तमाम उपस्थित कवियों के बीच जब उनके नाम की घोषणा होती थी, तब उपस्थित जन समूह में एक अलग सा उत्साह दिखायी पड़ता था।

जिनको मैं हमेशा स्टेज पर देखा करता था, उनसे पहली बार मुलाकात हुई, जब मैं छत्तीसगढ़ में जन-गण- मन पर आधारित एक वीडियो पर काम कर रहा था। मैंने उनसे मिलकर आग्रह किया और उन्होंने एक पल भी नहीं लगाया अपनी स्वीकृति देने में। यहां तक की अपने समकालीन, लक्ष्मण मस्तुरिया के साथ स्क्रीन साझा करने में भी उनको कोई एतराज नहीं था। कबीरधाम के भोरमदेव मंदिर में शूटिंग के समय सारा समय श्री दुबे पूरी यूनिट को अपनी हास्य कविताओं से गुदगुदाते रहे। छत्तीसगढ़ की माटी के प्रति उनका प्रेम किसी से छुपा नहीं था। उनकी इस स्वीकृति के पीछे सिर्फ और सिर्फ यही उद्देश्य था की छत्तीसगढ़ के लिए कुछ अच्छा करने की कोशिश हो रही थी। उस दिन के बाद मैं सिर्फ उनका प्रशंसक ही नहीं, उनके परिवार का सदस्य बन गया। जब मैंने अपनी नई गाड़ी ली थी, तो मैंने उनसे यह अनुरोध करने में संकोच नहीं किया था, कि मैं उनको बाजू वाली सीट पर बैठाकर घुमाना चाहता हूं, क्यूंकि मैं अपने पिता को कभी अपनी कार में बैठा नहीं पाया था। उन्होंने हमेशा की तरह सहर्ष फिर हामी भरी थी और खूब आशीर्वाद दिया।

आज से 40 साल पहले से लेकर अंत तक, किसी भी कार्यक्रम में जाने की उनकी उत्सुकता उनके चेहरे पर देखी जा सकती थी। रातभर कवितापाठ कर अगले दिन नींद लेकर और आगे के गंतव्य की रोड, ट्रेन या फ्लाइट से यात्रा कर फिर अगली पूरी रात कविता पाठ करना। उन्हें इसी में सबसे ज्यादा आनंद आता था। वे लगातार कवि सम्मेलनों में भाग लेते रहे और पूरे विश्व में छत्तीसगढ़ का झंडा बुलंद करते रहे।

*ब्रिक्स गुट को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक रुख अपनाया है। ब्रिक्स को लेकर ट्रंप ने ऐलान किया कि अमेरिका विरोधी नीतियों के साथ जुड़ने वाले देशों पर अमेरिका 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। हालांकि दिलचस्प बात यह भी है कि ट्रंप ने ये नहीं बताया कि ये अमेरिका विरोधी नीतियां क्या हैं।*

# आखिर क्यों ब्रिक्स को निशाना बना रहे राष्ट्रपति ट्रंप?

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने अतिरिक्त टैरिफ लगाने का किया है ऐलान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ब्राजील में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के बाद एक संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित ब्रिक्स नेताओं ने कहा कि हम एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं, जो व्यापार को विकृत करते हैं और डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। बयान में "वैश्विक व्यापार में टैरिफ के बढ़ते उपयोग' का भी उल्लेख किया गया। हालांकि इस दौरान नाम नहीं लिया गया, लेकिन सभी जानते हैं कि बात अमेरिका की ही हो रही है।

**खास बातें**

- ट्रंप को क्यों चुनौती लग रहा है यह संगठन
- सदस्यों की बढ़ती संख्या और इसमें शामिल होने के इच्छुक देशों की लंबी वेटिंग लिस्ट
- भारत के लिए है कितना परेशानी का सबब

### ट्रंप क्यों बना रहे ब्रिक्स को निशाना?

अब सवाल ये हैं कि आखिर क्यों ट्रंप ब्रिक्स को निशाना क्यों बना रहा है। इसको लेकर पश्चिम के अर्थशास्त्री और नीति विश्लेषक चाहे जो भी कहें, ऐसा प्रतीत होता है कि यह गुट अपने समर्थक जुटा रहा है और अमेरिका तथा अन्य पारंपरिक शक्तियों के लिए चुनौती के रूप में उभर रहा है। उदाहरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए पसंदीदा मुद्रा के रूप में डॉलर को हटाने की बात करने को बल दे रहा है। इसके अलावा नव-विकसित, विकासशील और अल्प-विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के लिए सौदे करते समय शर्तें तय करना कठिन हो गया है।



### बड़ा हो रहा है ब्रिक्स का दायरा

ब्रिक्स में थाईलैंड, मलेशिया, क्यूबा, नाइजीरिया, उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान सहित अन्य 10 देशों को 'भागीदार' का दर्जा प्राप्त है। इतना ही नहीं, सऊदी अरब, तुर्की, पाकिस्तान, अजरबैजान और वेनेजुएला भी सदस्यता चाहते हैं। ब्रिक्स की प्रासंगिकता और इसकी स्थिरता पर प्रश्न उठते रहे हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह भारत और ब्राजील जैसे लोकतांत्रिक देशों को रूस और चीन जैसे निरंकुश देशों के साथ लाता है और अब इसमें बहुत भिन्न आर्थिक स्थिति और परिस्थितियों वाले देश भी शामिल हैं। सदस्यों की बढ़ती संख्या और इसमें शामिल होने के इच्छुक देशों की लंबी वेटिंग लिस्ट वैश्विक मंच पर इस समूह के प्रभाव को दर्शाती है। इसकी वजह यह भी है कि यह दक्षिण की आवाज है, क्योंकि औद्योगिक और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका जैसी स्थापित शक्तियों के खिलाफ खुद को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं।

### भारत को भी हो सकती है परेशानी

यहां एक बड़ा सवाल ये भी है कि क्या ट्रंप की ये एक्स्ट्रा टैरिफ की धमकी भारत के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है? ऐसा इसलिए क्योंकि भारत ब्रिक्स के संस्थापक सदस्यों में शामिल हैं और हाल ही में ब्रिक्स के उस घोषणापत्र पर साइन किए हैं, जिसमें अमेरिकी टैरिफ की आलोचना की गई। ये सवाल इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि टैरिफ वार के बीच इंडिया और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। हालांकि, ट्रंप ने सोमवार को 14 देशों पर नए सिरे से टैरिफ का ऐलान करते हुए इंडिया-यूएस ट्रेड डील को लेकर कहा है कि हम भारत के साथ सौदा करने के करीब हैं।

**यह है ब्रिक्स :** ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई थी, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत और चीन संस्थापक राष्ट्र थे। 2010 में दक्षिण अफ्रीका इसमें शामिल हुआ, जिससे यह ब्रिक्स बन गया। इसके बाद 2024 में ब्रिक्स+ सदस्य मिस्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान तथा 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल होंगे।

*वोटर लिस्ट के वेरिफिकेशन को लेकर बिहार के गांवों में परेशान हैं लोग*

# 'हमारे पास है केवल आधार कार्ड बाकी कागजात कहां से मिलेंगे?'

**नीतीश के नालंदा से लेकर लालू के वैशाली तक हर कोई हलाकान | आयोग ने मांगा है सभी से नागरिकता का प्रूफ | 2003 की मतदाता सूची में जो नहीं, उनकी बढ़ी मुसीबत**

एजेंसी ▸▸| पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच ही लोग वोटर लिस्ट के वेरिफिकेशन को लेकर काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। चुनाव आयोग के फैसले के बाद बिहार के तमाम गांवों में लोग यही कहते हैं कि उनके पास सिर्फ आधार कार्ड है और चुनाव आयोग के द्वारा मांगे जा रहे कागजात उन्हें कहां से मिलेंगे? वोटर लिस्ट के वेरिफिकेशन को लेकर परेशानी झेल रहे लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा से लेकर राजद के चीफ लालू प्रसाद यादव के वैशाली और तेजस्वी यादव के विस क्षेत्र राघोपुर तक दिखाई देते हैं।



### चुनाव आयोग के क्या हैं निर्देश?

चुनाव आयोग द्वारा इस संबंध में 24 जून को दिशा निर्देश जारी किए गए थे। चुनाव आयोग कहता है कि जो लोग 2003 की मतदाता सूची में शामिल थे, उस सूची का प्रूफ के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि 40 साल या उससे कम उम्र के सभी वोटरों को (जो 2003 में 18 साल के नहीं थे) अतिरिक्त दस्तावेज देने होंगे। जो लोग यह प्रक्रिया पूरी करेंगे, केवल उन्हीं का नाम 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

**नागरिकता प्रूफ, बड़ा सवाल**

चुनाव आयोग के निर्देशों को मुताबिक, वोटर लिस्ट के वेरिफिकेशन का काम 25 जुलाई तक पूरा होना है। 7.8 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड मतदाताओं के रिकॉर्ड की जांच करनी है। एक मुश्किल यह है कि चुनाव आयोग ने सभी नए और मौजूदा मतदाताओं से नागरिकता का प्रूफ मांगा है। बिहार के गांवों में लोग निवास और जाति प्रमाण पत्र के लिए परेशान हो रहे हैं। कई लोग इस बारे में नहीं जानते हैं। ऐसे लोगों में 37 साल के मजदूर मेघन मांझी भी हैं। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा के रहने वाले हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड है लेकिन अब उन्हें वोट डालने के लिए कुछ और चीजों की भी जरूरत होगी।

**क्या फिर से वोटर कार्ड बनवाना पड़ेगा?**

तेजस्वी यादव के निर्वाचन क्षेत्र राघोपुर में बहुत कम लोग इस बारे में जानते हैं। यहां की रहने वाली बिंदु देवी कहती हैं कि गांव की महिलाओं के पास जाति या निवास प्रमाण पत्र नहीं है, केवल वे ही लोग जाति प्रमाण पत्र बनाते हैं जो सरकारी नौकरी या किसी कॉलेज की सीट के लिए आवेदन करते हैं। हम लोगों के पास केवल आधार कार्ड है। यादव समुदाय की बस्ती में रहने वाली एक महिला कहती हैं, 'हमारे पति, बेटे दिल्ली-पंजाब में रहते हैं, मेरे पति नया फॉर्म भरने के लिए वापस नहीं आ सकते क्या वह उनके आने के लिए किराए देंगे? राघोपुर के बीएलओ महेश कुमार ठाकुर कहते हैं कुछ बस्तियां ऐसी हैं जहां किसी के पास कोई डॉक्यूमेंट नहीं है।

# संसदीय समिति के सामने एयर इंडिया- 'ड्रीमलाइनर है सर्वाधिक सुरक्षित

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


एअर इंडिया ने संसद की पब्लिक अकाउंट कमिटी (लोक लेखा समिति- PAC) को अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर अपना जवाब सौंपा है। कंपनी ने बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का बचाव करते हुए कहा कि यह सबसे सुरक्षित विमानों में से एक है। संसद की एक समिति ने सिविल एविएशन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, एयरलाइन और एयरपोर्ट अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान कई सांसदों ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में सवाल किए और पूछा कि इस पर रिपोर्ट कब तक तैयार होगी। सूत्रों के मुताबिक सदस्यों ने अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर के हवाई किराये में अचानक बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई।

संसद समिति के कुछ सदस्यों ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से ऑडिट की मांग भी की. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) ने एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन समेत एयरलाइन के शीर्ष प्रतिनिधि से मुलाकात की।




### 1100 ड्रीमलाइनर्स भर रहे हैं उड़ान : सीईओ

समिति के सदस्यों की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में विल्सन ने कहा, 'हम भी दुर्घटना को लेकर चिंतित हैं। दुनियाभर में 1100 ड्रीमलाइनर्स उड़ान भर रहे हैं और इन विमानों को सबसे सुरक्षित माना जाता रहा है। इससे पहले इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई थी ये अपने-आप में बड़ी घटना है।'




## खबर संक्षेप




### इंडियन बैंक ने सरकार को 1,616 करोड़ लाभांश दिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,616 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश चेक केंद्र सरकार को सौंपा है। इंडियन बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा कि बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिनोद कुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,616.14 करोड़ रुपये का लाभांश चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। इस मौके पर वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### फास्टैग से टोल संग्रह बढ़कर 20,682 करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईसीटी) के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की



पहली तिमाही में फास्टैग के जरिये राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,681.87 करोड़ रुपये हो गया। एनईटीसी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में टोल उपयोगकर्ताओं की संख्या भी 16.2 प्रतिशत बढ़कर 117.3 करोड़ हो गई।

बांग्लादेश, थाइलैंड सहित एक दर्जन पर लगा उच्च शुल्क

# अमेरिका के कदम से भारत को कपड़ा 'फुटवियर' क्षेत्रों में होगा लाभ : निर्यातक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश और थाइलैंड सहित एक दर्जन से अधिक देशों पर उच्च शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले के बाद भारत के परिधान और 'फुटविअर' जैसे निर्यात क्षेत्रों को वहां के बाजार में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है। निर्यातकों ने यह बात कही।

- अमेरिकी फैसले से भारत को लाभ मिलने की उम्मीद

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। वहीं दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया-हर्जेगोविना पर 30 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, बांग्लादेश, सर्बिया पर 35 प्रतिशत, कम्बोडिया, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत और लाओस और म्यांमा पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाने का ऐलान किया। ये शुल्क एक अगस्त से लागू होंगे।

**खास बातें**

- अमेरिका को परिधान निर्यात करने वाला बांग्लादेश तीसरा बड़ा देश
- परिधान क्षेत्र में भारत का अमेरिका को 2.5 अरब डॉलर का था निर्यात



### बांग्लादेश की बाजार हिस्सेदारी 13.15 फीसदी

बांग्लादेश 2024 में 13.15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अमेरिका को परिधान (बिना बुना हुआ) का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में भारत का अमेरिका को निर्यात 2.5 अरब डॉलर था। लेकिन भारत शीर्ष तीन देशों में नहीं है।

### कम्बोडिया भी परिधान निर्यात में भारत से आगे

बुने हुए परिधानों में कम्बोडिया की हिस्सेदारी करीब छह प्रतिशत है और वह भारत (5.09 प्रतिशत) से आगे है। एक निर्यातक ने कहा, "अमेरिकी परिधान बाजार में भारत को बांग्लादेश और वियतनाम से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बांग्लादेश पर उच्च शुल्क से अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।"

### भारत के रबड़ के निर्यात में भी हो सकेगी वृद्धि

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि चमड़ा और परिधान जैसे क्षेत्रों को भारत के प्रतिस्पर्धी देशों से प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है। मुंबई के एक निर्यातक ने कहा कि थाइलैंड पर बढ़े हुए शुल्क से रबड़ और उसके उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी हो सकती है।

### हमें चमड़ा क्षेत्र में लाभ मिलेगा

थाइलैंड, अमेरिका को रबड़ का सबसे बड़ा निर्यातक है। उसकी हिस्सेदारी 15.16 प्रतिशत है, जबकि भारत 2.93 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चौथे स्थान पर है। निर्यातक ने कहा, "हमें चमड़ा क्षेत्र में भी लाभ मिलेगा।"

### समझौते को अंतिम रूप देने में सावधानी से आगे बढ़े भारत : जीटीआरआई

आर्थिक शोध संस्थान टैंक जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देते समय भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने कहा, "अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मॉडल' मुक्त व्यापार समझौते का नहीं बल्कि अमेरिकी जवाबी शुल्क के सामने झुकने का है।"

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

## शादी के 19 सालों के बाद मिला संतान सुख

**बिलासपुर।** माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर अग्रसेन चौक टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर से जिला कबीरधाम के एक दंपति को शादी के 19 साल बाद माता-पिता बनने का सपना साकार हुआ। डॉ माखीजा के अनुसार उनकी शादी को 18 साल पूरे हो चुके थे और महिला का मासिक धर्म अनियमित हो चुका था। डॉ माखीजा ने उनकी मासिक धर्म को ठीक करने के लिए दवाइयों के साथ -साथ लेप्रो- हिस्ट्रोस्कोपी कराने की सलाह दी।



डॉक्टर ने उनकी सहमति लेकर लेप्रो- हिस्ट्रोस्कोपी किया। डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनके अंडाशय में सिस्ट होने से उनका मासिक धर्म अनियमित था। अंडों का निर्माण नहीं हो रहा था। यह भी बताया कि उनकी गर्भाशय की लाइनिंग ठीक नहीं है। उन्हें गर्भाशय की लाइनिंग ठीक करने के लिए दवाइयां दी गई। डॉक्टर ने उन्हें आईवीएफ कराने की सलाह दी। दंपत्ती की सहमति लेकर डॉक्टर ने आईवीएफ की प्रक्रिया चालू किया। जांच में महिला का आईवीएफ सफल रहा। वह गर्भधारण कर चुकी थी। दोनों दंपत्ती बहुत खुश थे। आज उन्हें एक स्वस्थ बच्चे के माता-पिता बनने का सुख मिला। अधिक जानकारी के लिए 8085758585 पर संपर्क करें।

### श्री त्रिपुर तीर्थयात्रा समिति, 650 श्रद्धालुओं की अमरनाथ व माता वैष्णो देवी यात्रा

**बिलासपुर।** धार्मिक पर्यटन को समर्पित छत्तीसगढ़ की अग्रणी संस्था श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा एक बार पुनःआस्था और सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। समिति के कुशल मार्गदर्शन एवं अथक प्रयास से सात पारियों में लगभग 650 श्रद्धालु अमरनाथ और माता वैष्णो देवी की यात्रा पर भेजे जा रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य केवल तीर्थ दर्शन कराना नहीं, सेवा के साथ धार्मिक अनुभव कराना है। प्रथम जत्था के 100 और द्वितीय जत्था के 150 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँच चुके हैं और बाकी जत्थों की तैयारी चल रही है। समिति द्वारा यात्रियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था अत्यंत ही व्यवस्थित व श्रद्धापूर्वक की गई हैं। इसमें जम्मू तक आने-जाने का आरक्षित ट्रेन टिकट जम्मू में उत्तम होटल में ठहरने की व्यवस्था है। आरामदायक बस सेवा भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। समर्पित यात्रा प्रबंधक एवं सेवाभावी स्टाफ की उपस्थिति दर्शन हेतु सुचारु व्यवस्थाएं एवं सतत मार्गदर्शन :- इन सभी व्यवस्थाओं का संचालन श्री त्रिपुर तीर्थयात्रा सेवा समिति के संस्थापक व प्रमुख संचालक राहुल यादव के द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया जा रहा है। राहुल यादव स्वयं पहले से जम्मू पहुंचकर प्रत्येक यात्री के ठहराव, भोजन, दर्शन व मार्गदर्शन की व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। उनका यह समर्पण यात्रियों में विशेष उत्साह एवं विश्वास का संचार कर रहा है। श्रद्धालुओं से इस यात्रा बहुत ही सुलभ और न्यूनतम राशि ली जा रही है। स्लीपर श्रेणी 13,500 रुपए, एसी-3 श्रेणी 20,500 रुपए, एसी-2 श्रेणी – 25,500 रुपए उक्त राशि पर 5% जीएसटी अतिरिक्त लागू है।

### ट्रैवल फूड आईपीओ को दूसरे दिन तक 25% अभिदान

**नई दिल्ली।** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के दूसरे दिन मंगलवार को 25 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ को 33,02,858 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं जबकि 1,34,12,842 शेयरों की पेशकश की गई है। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के लिए कोटा में 28 प्रतिशत अभिदान मिला।

## टमाटर में उछाल से जून में महंगी हुई वेज और नानवेज थाली

एजेंसी ⏭ मुंबई

टमाटर के महंगा होने से जून में घर का बना खाना या थाली की कीमत पिछले महीने की तुलना में बढ़ गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत मई में 26.2 रुपये की तुलना में जून में तीन प्रतिशत बढ़कर 27.1 रुपये हो गई, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत मई में 52.6 रुपये की तुलना में जून में चार प्रतिशत बढ़कर 54.8 रुपये प्रति थाली हो गई।

प्याज के मामले में, ताजा आवक के अभाव और रबी स्टॉक को नियंत्रित ढंग से बाजार में जारी किये जाने के कारण कीमतों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है, जबकि टमाटर की गर्मियों में कमजोर बुवाई के कारण कीमतों में बढ़ोतरी होगी।

### वेज थाली में सालाना आधार पर आठ फीसदी की कमी आई

रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर तुलना करने पर शाकाहारी भोजन की कीमतों में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। मांसाहारी भोजन में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह काफी हद तक जून, 2024 के उच्च आधार स्तर के कारण है।

### घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट



### टमाटर की कीमतों में 36 फीसदी की वृद्धि आई

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की मासिक 'रोटी, चावल, दर' रिपोर्ट में बताया गया है कि आवक में आठ प्रतिशत की गिरावट के कारण इस महीने टमाटर की कीमत में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे थाली की कीमत बढ़ गई। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को आलू की कीमत में चार प्रतिशत की वृद्धि का सामना करना पड़ा।

### ब्रॉयलर की कीमतों में वृद्धि से नानवेज थाली हुई महंगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि मांसाहारी थाली के मामले में ब्रॉयलर की कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि से भी नुकसान हुआ है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थाली की लागत क्रमिक रूप से बढ़ेगी।

### रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे बढ़कर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने और मजबूत घरेलू शेयर बाजार ने रुपये को और मजबूत किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर खुला और 85.64-85.80 के सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 54 पैसे की भारी गिरावट के साथ 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक
स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध
इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा (छत्तीसगढ़ ) - 495677**

क्रमांक/निविदा/क्रय /2025-26/3267 कोरबा, दिनांक 07/07/2028

**निविदा सूचना**
**लॉण्ड्री हेतु कमर्शियल फुल्ली ऑटोमेटिक वांशिग मशीन 30 केजी 01 नग क्रय किए जाने हेतु निविदा**

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य का नाम | स्व. बिसाहू दास मंहत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा में फुल्ली ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन 30 केजी 01 नग क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र हेतु शुल्क राशि रू. 500.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट JT DIR CUM HOS SUPTD GMC KORBA के नाम से जमा कर निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट से प्राप्त करने पर निविदा शुल्क तकनीकी दस्तावेज के लिफाफा में जमा किया जाना अनिवार्य है। |
| धरोहर राशि | 30,000.00 रू. (तीस हजार रूपये मात्र) का FDR JT DIR CUM HOS SUPTD GMC KORBA के नाम से देय होगा। |
| अनुमानित लागत | 10 लाख रूपये |
| निविदा फार्म जारी करने की तिथि | निविदा प्रपत्र स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा छ.ग. के क्रय शाखा से कार्यालयीन दिवस पर दिनांक 10.07.2025 से आवेदन पत्र के साथ प्राप्त किया जा सकता है। |
| निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.07.2025 सायं 05:00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 31.07.2025 दोपहर 03:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 31.07.2025 सायं 04:00 बजे, स्थान- कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा |

निविदा प्रपत्र वेबसाइट sbdmscm.edu.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। उपरोक्तानुसार इच्छुक निविदादाता से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

**संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक,
स्व. बि.दा.म. स्मृति चिकि. महाविद्यालय
संबद्ध चिकित्सालय, कोरबा (छ.ग.)**

जी. 252602051/2

**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषक नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / वि.वि. भण्डार/02/2025/1088 रायपुर, दिनांक : 8/07/2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय औषधालय हेतु वर्ष 2025 में औषधी क्रय के लिए औषधी विक्रेता/डिस्ट्रीब्युटर्स / निर्माता फर्म/ कंपनी से मुहरबंद लिफाफे में निविदा कुलसचिव, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम पर दिनांक 23/07/2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा दिनांक 23/07/2025 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जावेगी। विस्तृत विवरण हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.igkv.ac.in को देखें।

कुलसचिव

सं.-44471

**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) दूरभाष: , :0771-2995629
ई-मेल: E-mail. sanskritirajbhasha@gmail.com,

**"मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना" हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित**

राज्य की कला एवं संस्कृति परंपरा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ अंचल के विविध लोककलाओं नृत्य, संगीत, लोकगाथा, छत्तीसगढी गीतकार, वाद्ययंत्र वादक, शिल्प कलाकार, छत्तीसगढ़ पाक कला, छत्तीसगढ़ सौन्दर्यकला के कार्यशील कलाकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों के सतत विकास, कलाकारों को यथोचित प्रोत्साहन/सम्मान/आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को मानक एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना" स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियाँ निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है।

1. प्रोत्साहन के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां पंजीकृत डाक के माध्यक से आमंत्रित की जाती है।
2. प्रोत्साहन का प्रकार :-

| क्रमांक | प्रोत्साहन का प्रकार |
|---|---|
| 1 | नृत्य-संगीत, लोक नाट्य, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीतकार |
| 2 | वाद्ययंत्र वादक |
| 3 | शिल्प कलाकार |
| 4 | छत्तीसगढ़ पाक कला (छत्तीसगढ़ी व्यंजन) |
| 5 | छत्तीसगढ़ सौन्दर्यकला (श्रृंगार) |

3. वांछित जानकारी निम्नलिखित प्रारूप में उपलब्ध किया जाना अनिवार्य है :-

| क्र. | वांछित जानकारी का विवरण |
|---|---|
| A | कलाकार का नाम |
| B | विधा का नाम |
| C | वर्तमान पता, जिला एवं दूरभाष क्रमांक |
| D | संस्कृति विभाग अंतर्गत चिन्हारी पोर्टल का पंजीयन क्रमांक |
| E | विधा में कार्य अनुभव का वर्ष |
| F | प्राप्त पुरस्कार/सम्मान एवं उपलब्धियों का विन्दुवार/वर्षवार जानकारी प्रमाण पत्र/पेपर कतरन प्रशंसा पत्र/फोटो/वीडियो आदि (अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य सम्मान/प्रदेश स्तरीय/जिला स्तरीय/ग्राम स्तरीय) |

4. आवेदन हेतु दिशा निर्देश :-
- चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है एवं विधावार, निर्धारण वार्षिक प्रोत्साहन न्यूनतम राशि 12,000/- से अधिकतम राशि 24,000/-मात्र ई-पेमेंट के माध्यम से देय होगा।
- लाभान्वित होने वाले कलाकार जिसकी सभी स्रोतों से वार्षिक आय राशि रूपये 96,000/- से अधिक न हो।
- चयनित कलाकारों दलों को वित्तीय वर्ष में 1 बार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी तथा आगामी 02 वर्षों के लिए अपात्र होंगे।
- प्रोत्साहन योजना से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।
- प्रविष्टियां/प्रस्ताव प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29.08.2025 है तथा प्रविष्टियों के लिए लिफाफे में विषय "मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2025" स्पष्ट अंकित किया जाये।
- समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं प्रस्तुत की गई प्रविष्टियों के संबंध में कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा

जी.-252602056/2

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना हाईकोर्ट बिल्डिंग, बिलासपुर (छ.ग.)
E-mail- cgslsa@gmail.com cgslsa.cg@nic.in
Website- http://cgslsa.cg.gov.in/

F.N./ 1933 /II-16-01/2007 Bilaspur Date 08/07/2025

**स्थाई लोक अदालत (जनोंपयोगी सेवा) में अन्य व्यक्ति (सदस्यो) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22बी के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्यालय बस्तर (जगदलपुर), बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, एवं सरगुजा, (अम्बिकापुर) में स्थापित स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में पूर्व में प्राप्त आवेदनों को लंबित रखते हुए अन्य इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 31/07/2025 के शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है:-

विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाइट http://cgslsa.cg.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है, अथवा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर या संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त किया जा सकता है।

टीप:- आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निम्न पते पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है:-

पता:- छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर (छ.ग.)

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
बिलासपुर

जी-252602062/4

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/I/62767/2025/01/परीक्षा/ 2025 नवा रायपुर, दिनांक 03-07-2025

**सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक
(वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)-2025 के संबंध में सूचना**

आयोग के विज्ञापन क्र. 01/2025/परीक्षा दिनांक 03.03.2025 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 03/2025/परीक्षा/ दिनांक 11.04.2025 के तहत सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06 जुलाई 2025 को जिला-अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग- भिलाई, जगदलपुर एवं रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी थी, परंतु अपरिहार्य कारणों से उक्त परीक्षा अब दिनांक 12.07.2025 को आयोजित की जा रही है। जिसकी समय-सारिणी निम्नानुसार है:-

| DATE | DAY | TIME | SUBJECT |
|---|---|---|---|
| 12.07.2025 | SATURDAY | 10:00 AM TO 01:00 PM | PART-1 GENERAL KNOWLEDGE OF CHHATTISGARH<br>PART-2 APTITUDE TEST |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र दिनांक 30.06.2025 को जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)

जी. 252602064/3

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5922



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव, चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5921 का हल



## सूडोकू नवताल 5932

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल 5931 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## खबर संक्षेप

### सीजीएमएससी की सप्लाई अब मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा वापस

**रायपुर।** भारी राशि खर्च कर सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई किया गया फ़िनाइटोइन इंजेक्शन जांच में अमानक पाया गया है। दो लैब की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि होने के बाद सरकारी अस्पतालों से इस इंजेक्शन की खेप को वापस दवा गोदाम मंगा लिया गया है। यह इंजेक्शन मिर्गी का झटका अथवा सिर पर चोट लगने वालों को लगाया जाता है। सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए उपयोग की जाने वाली दवाओं को विभिन्न शिकायत के बाद वापस सीजीएमएससी के गोदाम मंगवाने का सिलसिला जारी है। इस बार सिस्टोग्राम लैबोरेट्रीज लिमिटेड द्वारा सप्लाई किया गया फिनाइटोइन इंजेक्शन को वापस गोदाम भेजने का निर्देश डीके, आंबेडकर अस्पताल सहित तमाम सरकारी अस्पतालों को दिया गया है। शिकायत सामने आई थी कि इंजेक्शन निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं है। इस आधार पर दवा कार्पोरेशन ने अपनी अनुबंधित लैब में जांच कराई थी।

### यात्रियों की सुरक्षा, पारदर्शिता बनाने मंडल ने प्रस्ताव बनाकर जोन कार्यालय भेजा

# रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर पर कर्मचारी बॉडी वॉर्न कैमरे लगाकर करेंगे काम

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर और यूटीएस जनरल टिकट काउंटर के कर्मचारियों को बॉडी वॉर्न कैमरे लगाकर ड्यूटी करना होगा। अक्सर शिकायत मिलती रही है कि टिकट काउंटर कर्मचारियों द्वारा बीच-बीच में अपने परिचितों, दलाल आदि के टिकट बनाए जाते हैं, जबकि काउंटर पर लंबी लाइन लगी होती है। इसे लेकर अक्सर विवाद उत्पन्न होता है।**

कई बार यात्री भी जानबूझकर उलझते हैं। लाइन में लगी भीड़ और कर्मचारियों के संवाद को इस कैमरे में रिकॉर्ड किया जा सकेगा, जिससे किसी विवाद की स्थिति में सटीक तथ्य सामने आ सकेंगे। साथ ही कर्मचारियों के व्यवहार पर भी नजर रखी जा सकेगी। इसके लिए रेल मंडल से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

इससे पहले रेलवे ने टिकट जांच स्टाफ के लिए यह व्यवस्था लागू की थी। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 50 स्टाफ ट्रेन व स्टेशन में कंधे पर कैमरा लगाकर ड्यूटी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी कुछ स्टाफ छूट गए हैं। इन्हें भी कैमरे दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ रिजर्वेशन व जनरल टिकट काउंटर के कर्मचारियों को भी बॉडी वॉर्न कैमरा देने की योजना बनाई गई है। इससे दोनों जगहों के कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

### हाई क्वालिटी वीडियो और ऑडियो होगा रिकॉर्ड

बॉडी वॉर्न कैमरा एक छोटा, हल्का और पहनने योग्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस होता है, जिसे आमतौर पर किसी व्यक्ति के शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे शर्ट की जेब, कॉलर या जैकेट पर लगाया जा सकता है। इस कैमरे की मदद से हाई क्वालिटी वीडियो और ऑडियो रिकॉर्ड किया जा सकता है, जिससे किसी घटना या बातचीत का वास्तविक प्रमाण सुरक्षित रखा जा सकता है।




### स्वीकृति के बाद कैमरे खरीदे जाएंगे

पीआरएस व यूटीएस कर्मचारी आने वाले दिनों में बॉडी वॉर्न कैमरा लगाकर ड्यूटी करेंगे। इस योजना का प्रस्ताव बनाकर जोन मुख्यालय भेजा गया है, वहां से स्वीकृति आने के बाद कैमरे खरीदे जाएंगे।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी**
सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल

### रेलवे के कामकाज में आएगा सुधार

रायपु रेल मंडल अभी यात्रियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और सेवा गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में जोर दे रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और यात्रियों के बीच विश्वास को सुदृढ़ करना है। कैमरे खरीदने के लिए जोन मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलना तय भी है, क्योंकि यह अच्छी पहल है और रेलवे के कामकाज में सुधार आएगा। यह पहल दोनों पक्ष यात्री और रेल कर्मचारी के हित में है।

### नियुक्ति में गृजरात फॉमूला होगा लागू

# कांग्रेस के जिला, ब्लॉकों में डेढ़ हजार पदों पर होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने अब नए सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संगठन विस्तार के लिए तीन महीने की समय सीमा भी तय कर दी है। बैठक में प्रदेश संगठन को कहा गया कि 30 सितंबर तक मंडल से लेकर प्रदेश स्तर पर नियुक्तियां पूरी कर ली जाएं। बैठक में यह भी साफ कर दिया गया है कि गुजरात फॉर्मूला लागू होगा। सभी नियुक्तियों में एससी-एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण रहेगा।



### छग 5वां राज्य जहां खड़गे ने ली बैठक

कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक के बाद कांग्रेस देश को 5वां राज्य बन गया है, जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने बैठक ली है। इससे पहले खड़गे राजस्थान, गोवा, कर्नाटक और तेलंगाना में बैठक ले चुके हैं।

### कई प्रयासों बाद नहीं हो सकी नियुक्ति

बैज के अध्यक्ष बनने के बाद विधानसभा और लोकसभा को देखते हुए संगठन में नई नियुक्ति नहीं हो पाई थी। पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारी से ही काम चल रहा था। कांग्रेस आलाकमान को जिला अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी का गठन करने कई बार सूची दी गई, पर उसे अनुमति नहीं मिली। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष की बैठक के बाद तीन माह की समय सीमा में पूरा करने सूची मंगाई गई है।

### ब्लॉक की संख्या बढ़ेगी

बैठक में यह भी तय किया गया है कि कांग्रेस संगठन में ब्लॉक का पुनर्गठन जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा। वर्तमान में 305 ब्लॉक हैं, इसकी संख्या में बढ़ोतरी होगी। ऐसे में ब्लॉक बढ़ने के साथ नए लोगों को मौका मिलेगा और पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ में भांग की खेती की मांग, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, सुरक्षा राशि भी जब्त होगी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में भांग की व्यावसायिक खेती की वकालत करते हुए दायर की गई जनहित याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि कोई भी जनहित याचिका तब तक नहीं चलेगी जब तक कि इसमें व्यक्तिगत हित शामिल हों। याचिकाकर्ता ने जनहित की आड़ में इस न्यायालय से संपर्क कर ऐसे निर्देश मांगे जो राज्य की विधायी और कार्यकारी नीति के दायरे में आते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वर्तमान याचिका एक ऐसी याचिका है जिसे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कहा जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत जनहित में अधिकार क्षेत्र का आह्वान किया जा सके वैसी याचिका नहीं है। हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर याचिकाकर्ता द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि जब्त करने का निर्देश दिया है।

- कोई भी जनहित याचिका तब तक नहीं चलेगी जब तक कि इसमें व्यक्तिगत हित शामिल हों

याचिकाकर्ता एस. ए. काले ने जनहित याचिका दायर कर प्रतिवादी अधिकारियों को छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए 'गोल्डन प्लांट' भांग के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों का दोहन करने सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की। याचिकाकर्ता ने व्यक्तिगत रूप से बताया कि उन्होंने 22 फरवरी 2024 को सभी संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से ज्ञापन देकर पावती ली है। लेकिन प्रतिवादियों द्वारा अब तक एक भी सामान्य या विशिष्ट कार्रवाई नहीं की गई है। जिसमें याचिकाकर्ता को जवाब देना भी शामिल है।



### गोल्डन प्लांट के कई लाभ गिनाए गए

इसके अलावा याचिका में कहा गया कि उक्त प्रतिनिधित्व में, उन्होंने 'गोल्डन प्लांट' के कई लाभों पर प्रकाश डाला है, जो कई शोधों और सरकारी रिपोर्टों द्वारा समर्थित हैं। याचिका में कहा गया कि यह दर्शाता है कि इस 'गोल्डन प्लांट' में छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए नई पीढ़ी की सोने की खान होने की क्षमता है। याचिका में यह भी कहा गया कि नारकोटिक्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ अधिनियम, 1985 ('एनडीपीएस अधिनियम') के अनुसार बागवानी और औद्योगिक उपयोगों के लिए भांग की बड़े पैमाने पर खेती भारतीय कानून द्वारा अनुमति है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डीबी में मामले में अंतिम सुनवाई हुई। कोर्ट ने तर्कों के बाद कहा कि, अच्छी तरह से स्थापित है कि कोई भी जनहित याचिका तब तक नहीं चलेगी जब तक कि इसमें व्यक्तिगत हित शामिल हों।

### नीतिगत निर्णय लेने का निर्देश नहीं दे सकते

याचिकाकर्ता ने जनहित की आड़ में इस न्यायालय से संपर्क किया है, जिसमें ऐसे निर्देश मांगे गए हैं जो राज्य की विधायी और कार्यकारी नीति के दायरे में आते हैं। न्यायालय सरकार को नीतिगत निर्णय लेने का निर्देश नहीं दे सकती, खासकर मादक पदार्थों पर नियंत्रण जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। कोर्ट ने यह भी कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत भांग की खेती प्रतिबंधित है, सिवाय विशिष्ट अनुमति उद्देश्यों और वैधानिक प्रक्रिया के। भांग की खेती आम तौर पर चिकित्सा, वैज्ञानिक, औद्योगिक या बागवानी उद्देश्यों को छोड़कर और केवल सरकारी प्राधिकरण के साथ ही की जा सकती है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने न तो कोई जनहित प्रदर्शित किया है और न ही उचित कानूनी तंत्र का पालन किया है।

# प्रदेशभर में पापुनि का सर्वर बैठा, सुबह 8 बजे बुलाया, किताबें दी 7 घंटे बाद, भड़के शिक्षकों ने कहा- भजन करें क्या?

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पाठ्यपुस्तक निगम की किताब वितरण प्रणाली इस बार बुरी तरह ठप हो गई है। बारकोड स्कैनिंग को लेकर हो रही परेशानी के बीच मंगलवार को पापुनि का सर्वर ही बैठ गया। शिक्षकों को विभिन्न डिपो में पुस्तक ले जाने के लिए सुबह 8 बजे का समय दिया गया था। कई स्कूलों के शिक्षक मालवाहक गाड़ी लेकर सुबह 7 बजे ही निर्धारित केंद्रों में पहुंच गए थे। सर्वर डाउन होने के कारण वितरित किए जाने वाले किताबों की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो सकी। पापुनि के सर्वर में स्कूलों के नाम, उन्हें वितरित की जाने वाली किताबों की संख्या सहित अन्य जानकारी अपलोड किए जाने के बाद ही वितरण किया जाता है। चूंकि सर्वर ठप था, इसलिए ये जानकारी दर्ज नहीं हो सकी। दोपहर 3 बजे सर्वर प्रारंभ होने के बाद वितरण कार्य प्रारंभ हो सका। ना केवल राजधानी रायपुर बल्कि राजनांदगांव, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर और बिलासपुर के बुक डिपो में भी यही स्थिति रही। कई जगह भड़के शिक्षक पूछ बैठे कि हमें यहां भजन करना है क्या? रायपुर के डिपो में किताबें लेने मंगलवार को दुर्ग जिले के स्कूल पहुंचे थे। वे देर शाम तक राजधानी में ही फंसे रहे।

### इधर, किताबें उठाने से ही इनकार

निजी स्कूलों को प्रदान की जाने वाली कई किताबें पापुनि अब तक नहीं छाप सका है। इसमें छठवीं कक्षा की संस्कृत, आठवीं कक्षा की गणित, विज्ञान सहित संस्कृत तथा नवमी कक्षा की इंग्लिश की किताबें इंग्लिश माध्यम के अंतर्गत पहली कक्षा की इंग्लिश, दूसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा की हिंदी, आठवीं कक्षा की गणित और नवमी कक्षा की इंग्लिश की भी किताबें शामिल हैं। निजी स्कूलों को आधी किताबें देकर लौटाया जा रहा है। अब प्रदेशभर के निजी स्कूलों ने किताबें ले जाने के लिए दोबारा डिपो जाने से इनकार कर दिया है। निजी स्कूल संघ ने मांग करते हुए कहा है कि शेष किताबें अब उन्हें भी शासकीय विद्यालयों की भांति संकुल के जरिए दी जाए।

### प्रताड़ना का नया तरीका

हमें प्रताड़ित करने नए-नए तरीके ढूंढे जा रहे हैं। हम अपनी किताबें रद्दी में नहीं बेचते। जो बेचते हैं, उन पर सख्ती हो ना कि हम पर।

– **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

# केके श्रीवास्तव को भगाने के आरोप में युवा कांग्रेस नेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

दिल्ली के कारोबारी को स्मार्ट सिटी में काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपए ठगी के आरोपी कथित तांत्रिक तथा कारोबारी केके श्रीवास्तव को भगाने में मदद करने के आरोप में तेलीबांधा थाना की पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवा कांग्रेस नेता ने केके को भगाने में मदद करने अपनी गाड़ी दी थी।

- केके के साथ मिलकर चुनाव में कांग्रेस का टिकट दिलाने का झांसा देकर ठगी का आरोप

केके तथा उसके बेटे को भगाने में मदद करने के आरोप में पुलिस ने आशीष शिंदे उर्फ रवि चोरहा को गिरफ्तार किया है। केके को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर 12 दिनों की रिमांड लेकर पूछताछ करने के बाद सोमवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कर चुकी है। पुलिस के अनुसार आशीष सिंदे पूर्व में बाइक चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। आरोप है कि आशीष केके की मदद से पूर्व में विधानसभा चुनाव के समय चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों को टिकट दिलाने का झांसा देकर उनके साथ ठगी की है। हालांकि इस बात की अब तक किसी ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### केके के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आशीष सिंदे पूर्व में कांग्रेस नेता आसिफ मेनन के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता था। आसिफ से अलग होने के बाद आशीष ने केके के साथ जुड़कर उसके लिए विधानसभा, पंडरी सहित कई इलाकों में जमीन खरीदने में मदद की थी। तब से आशीष तथा केके एक दूसरे के बेहद करीब आ गए। तेलीबांधा में ठगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद केके आशीष की मदद से फरार हुआ। बताया जा रहा है, केके को भगाने में मदद करने आशीष ने अपनी गाड़ी दी थी।

# छत्तीसगढ़- ओडिशा सीमा पर नक्सली कैंप ध्वस्त, बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सुरक्षा बलों को मंगलवार सुबह एक बड़ी सफलता मिली है। नुआपाड़ा जिले के सीनापाली थाना क्षेत्र के नारायण डोंगर में पुलिस ने नक्सलियों द्वारा संचालित एक कैंप को ध्वस्त कर दिया। गरियाबंद जिले के इंदिरा गांव थाने से महज कुछ किलोमीटर दूर है। ओडिशा पुलिस को नारायण डोंगर के जंगलों में नक्सली गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद मंगलवार सुबह पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान, नक्सलियों द्वारा छोड़ा गया एक अस्थायी कैंप मिला। कैंप से दो टिफिन बम (आईईडी), जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही नक्सली कैंप से फरार हो गए थे। पुलिस का मानना है कि वे किसी बड़ी साजिश की तैयारी में थे, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया है।

### सर्चिंग तेज की गईः एसपी

नुआपाड़ा एसपी जी आर राघवेंद्र ने बताया कि यह ऑपरेशन संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण था। टीम ने सूझबूझ से काम लेते हुए नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया। इस कार्रवाई के बाद सीमावर्ती गांवों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही पुलिस अब आस-पास के क्षेत्रों में भी गश्त और सर्चिंग तेज कर रही है।

# प्रेशर आईईडी की चपेट में आए सीआरपीएफ के 3 जवान घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र स्थित तिमापुर-मुरदण्डा मार्ग में आरएसओ ड्यूटी पर निकले सीआरपीएफ के तीन जवान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

- एक गंभीर, सभी रायपुर रिफर
- जवानों को निशाना बनाने नक्सलियों ने किया था प्लांट
- तिमापुर-मुरदण्डा मार्ग की घटना

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सीआरपीएफ 229 बटालियन की टीम आवापल्ली-बासागुड़ा मार्ग में आरएसओ ड्यूटी पर निकली हुई थी। इसी दौरान मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी के ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के जवानों को चोट आई है। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है। घायल जवानों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### सर्चिंग से लौटने के दौरान हुआ ब्लास्ट

बताया जा रहा है कि जवान इलाके की सर्चिंग के बाद वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी के ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के जवान मंटूनाथ, राजबीर चावड़ा व गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। नक्सलियों ने स्टेट हाइवे पर कैम्प के करीब ही आईईडी प्लांट कर रखा था। इस घटना के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है। जवान लगातार गश्त कर रहे है।

# इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं पहुंच रहे अंकसूची लेने गुस्साए विवि ने कहा- नहीं देंगे छात्रों को मार्कशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि अब अंकसूची को लेकर सख्त हो गया है। महाविद्यालयों को प्रेषित किए गए आदेश में तकनीकी विवि ने दो टूक कहा है कि वे छात्रों को अंकसूची लेने के लिए विश्वविद्यालय भेजने पर रोक लगाएं।

इसके अलावा महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा डायरेक्टर ऐसे ईमेल भेजने या सहमति पत्र प्रेषित करने से बचें, जिसमें छात्रों को सीधे अंकसूची प्रदान करने की बात कही गई हो। दरअसल, विवि द्वारा सभी इंजीनिरिंग पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी करने के कुछ दिन बाद ही अंकसूची जारी कर दी जाती है। महाविद्यालयों का यह दायित्व होता है कि विवि से इन अंकसूचियों को प्राप्त कर छात्रों को प्रदान करें। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस कार्य में विलंब किए जाने के कारण छात्र स्वयं ही विवि पहुंचकर अंकसूची मांग रहे हैं। इससे विवि में व्यवस्था बनाए रखने में दिक्कत हो रही है। इसे देखते हुए विवि ने आदेश जारी कर कॉलेजों से कहा है कि वे अंकसूची लेने के लिए संस्था के कर्मचारियों को भेजें ना कि छात्रों को।


**कार्यालय तहसीलदार सारागांव, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./383/वा-1/तह./2025 सारागांव, दिनांक:- 23/06/25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुक्ताराजा स्थित भूमि ख.नं. 301/1, 301/2, 420/1 रकबा क्रमशः 0.0970, 0.3890, 1.0290 हे. भूमि का स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत STP निर्माण व शोकपीट निर्माण हेतु उपरोक्त शासकीय खसरे का आबंटन होना है।

तत्संबंध जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / दावा हो तो वह स्वतः या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/07/2025 के 10:30 बजे तक पेश कर सकते है। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा !

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सारागांव

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 3105 Korba West, dtd. 08.07.2025
**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1357/2025.**
Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100044863 | Maint. Work of Boiler Auxiliaries i.e. Fan, ESP, Air Heater and Duct & Damper of 2x210 MW, of Unit No. 2, HTPS, KWB. | 590/- | 7,435/- | 23.07.2025 |
| 2. | Rfx No. 8100044910 | Procurement of Fabric expansion joint for ID Fan Inlet and Outlet duct for 210 MW, ABL Boiler, HTPS, Korba West. | 590/- | 5,715/- | 30.07.2025 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **www.cspc.co.in– e-Bidding.2.** Quantity as per tender schedule.
SUPERINTENDING ENGINEER (C-I)
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

**निविदा सूचना**

**उपयोगकर्ता के अनुकूल डिजिटल रिपोजिटरी एवं वेब-कम-मोबाइल एप्लीकेशन के साथ ही कार्य के दायरे में निर्दिष्ट अन्य कार्य के लिए डिजिटल डेटा स्टोरेज व्यापक समाधान के लिए आरएफपी।**

निविदा दस्तावेज संस्कृति मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट : indiaculture.gov.in एवं केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल : eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**बोली जमा करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025 है।**

CBC 09101/11/0009/2526

**एसएलआर/एलवीपीएच के पट्टे के लिए ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी सूचना संख्या: लीज-केजीपी-25-12 और 13 दिनांक: 08.07.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, उन ट्रेनों में पार्सल के परिवहन के लिए 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएचएस के पट्टे के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करता है जिनकी सूचना https://www.ireps.gov.in/ वेबसाइट पर दी गई है। • **क्रम संख्या; श्रेणी; सूची संख्या; ई-नीलामी की तिथि; नीलामी शुरू होने का समय; नीलामी बंद होने का समय:** • **[1]**; पार्सल; लीज-केजीपी-25-12; 17.07.2025; 12.00 बजे; 13.40 बजे; • **[2]**; पार्सल; लीज-केजीपी-25-13; 24.07.2025; 11.00 बजे; 16.30 बजे। इच्छुक पार्टियां और ठेकेदार इसे ध्यान में रखें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर जाएं। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-372) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

क्रमांक/ 2205/न.पा.परि./2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक- 08/07/25

**//ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदिका मालती गुप्ता पति श्री लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 17 बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिका कार्यालय के नीचे स्थित दुकान क्रमांक C-13 तनिष्का शर्मा आ. स्व. आलोक शर्मा के नाम से आबंटित है। उक्त दुकान मालती गुप्ता पति श्री लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 17 बैकुण्ठपुर के नाम से दुकान नामांतरण कराना चाहते है। जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस कार्यालय में दिनांक 26.07.2025 को 02:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GO1001674

**कार्य प्रभाग - अनुबंध विभाग**
**ई-निविदा सूचना (घरेलू बोली के लिए खुली निविदा पूछताछ)**
**निविदा पूछताछ संख्या: एचओ (कार्य)/अनुबंध/एचपीएमएम/बीआरओएम/2024/1058/269 दिनांक 08/07/2025**

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय के तहत एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, भारत सरकार, अनुभवी घरेलू बोलीदाताओं से **एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से **ऑनलाइन बोलियां** आमंत्रित करती है, जिसमें 40 लीटर बीआरओएम {(+)10 मिमी से (-)150 मिमी} की क्रशिंग, आकार के अयस्क की स्क्रीनिंग, परिवहन, वजन और लोडिंग प्लांट, **बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स** में स्टॉकपाइल में आकार के अयस्क और फाइन्स के स्टैकिंग के लिए संयंत्र और खनन मशीनरी को किराए पर लेना शामिल है। यह कार्य दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा।

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेजों को **08-07-2025 से 29-07-2025 तक निम्नलिखित वेबसाइट लिंक** से देखा और / या डाउनलोड किया जा सकता है;
1. एनएमडीसी की वेबसाइट- https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल https://www.eprocure.gov.in/epublish/app और निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा खोजें।
3. एमएसटीसी पोर्टल - पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn/

एमएसटीसी पोर्टल से बोली दस्तावेज तक पहुंचने के लिए, बोलीदाताओं को एमएसटीसी वेबसाइट पर जाना होगा (संगतता के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउज़र का उपयोग करें) और निविदा ईवेंट नंबर **एनएमडीसी/हेड ऑफिस/कॉन्ट्रैक्ट/1/25-26/ईटी/132** खोजें।

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण एनआईटी में दिया गया है। बोलीदाताओं को नियमित आधार पर एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी पोर्टल पर भविष्य की तारीख में शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए जाना आवश्यक है। अधिक स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है - **महाप्रबंधक (अनुबंध)**, एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फैक्स नं. 040-2353 4746, टेलीफोन संख्या 040-23532800, ईमेल: Contracts@nmdc.co.in.

**कार्यकारी निदेशक (कार्य)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिवराज ने दिया...

करेंगे। समापन सत्र में प्रदेश के महापौर और जिला पंचायतों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। मैनपाट में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खासकर नए विधायकों और सांसदों को यह बताया कि वे कैसे लंबे समय तक जनता से जुड़कर उनके करीब रहकर लगातार जीत सकते हैं। श्नी चौहान ने कहा कहा, भाजपा के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया यह सिद्धांत समस्त भारतीय दर्शन का निचोड़ है। इसका मूल यह है कि सभी को एक मानकर आम आदमी से प्रधानमंत्री तक एक जाकर होकर उनके सुख के लिए कार्य करना ही शासन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि न केवल हमने व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं पर काम किया है अपितु खेलो इंडिया, कला, संस्कृति खेल इत्यादि कार्यक्रम के माध्यम से जनता के मनसुख की चिंता भी हमारी सरकार ने की है। **महापौर और जिपं अध्यक्ष भी रहेंगे**-समापन सत्र में प्रदेश के दस नगर निगमों के भाजपा के महापौर और प्रदेश के सभी जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष भी शामिल होंगे। सभी मंगलवार की रात को अंबिकापुर पहुंचे हैं। अब बुधवार को सभी दोपहर तक मैनपाट पहुंचेंगे और समापन में शामिल होंगे। इनको सिर्फ समापन में रहने के लिए ही बुलाया गया है। समापन सत्र से पहले आरएसएस के अभय राम हमारा विचार परिवार, पंच परिवर्तन एवं शताब्दी वर्ष योजना पर बात करेंगे। उल्लेखनीय है आरएसएस इस साल अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और इसको लेकर क्या होना है, उसकी जानकारी भी वे साझा करेंगे। बीएल संतोष का एक जिज्ञासा समाधान सत्र होगा। इसमें वे किसी भी तरह की जिज्ञासा का समाधान करेंगे। इसके बाद वे समापन सत्र के मुख्य अतिथि भी रहेंगे। इसी के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय का भी एक सत्र होगा। **विधायक-सांसद और दक्षता से काम करेंगे**- प्रशिक्षण वर्ग पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मैनपाट के उल्टा पानी में एक पेड़ मां के नाम योजना में बरगद का पेड़ लगाने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा अकेली पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देती है। भाजपा वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का काम करती है। अभी पूरे देश में हमारे सांसद और विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग हो रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में वैचारिक विषय भी है एकात्म मानव दर्शन भी है। सांसद, विधायक अपने क्षेत्र में बेहतर काम को कैसे करें इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है। सरकार की योजनाएं उनका लाभ जनता को कैसे मिले, प्रचार और प्रसार कैसे हो इस पर भी काम हो रहा है। व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों पहलुओं पर विषय रखे गए हैं, जिसका लाभ सांसद विधायकों को मिलेगा। अब सांसद, विधायक और दक्षता के साथ काम करेंगे।

### शराब की काली...

प्रतिशत से ज्यादा की शराब बिक्री की गई है। इससे जो पैसा इकट्ठा हुआ, उसे ऊपर भेजा। उससे पहले अपना कमीशन काट लिया।

### आबकारी अधिकारियों की...

रायपुर -काट लेता था। रायपुर जिले में 10 महीने में अनिमेश नेताम ने 4 करोड़ 44 लाख 65 हजार 381 रुपए पीओसी के तौर पर प्राप्त किया। दुर्ग - इस तरह से बी पार्ट शराब की 12 से 15 प्रतिशत हिस्सा दुर्ग जिले में की गई। रकम कलेक्शन तत्कालीन उप निरीक्षक आबकारी दीपक कुमार ठाकुर, आरक्षक आशा राम साक्य तथा दुकानों की सुपरवाइजर की मदद से की गई। कलेक्ट रकम में से प्रति पेटी 140 रुपए जिले का हिस्सा काटकर आबकारी अधिकारी अरविंद सिंह को दिया जाता था। उक्त रकम में से जिले का हिस्सा सात करोड़ 44 लाख 86 हजार रुपए काटकर शेष रकम आबकारी कंट्रोल रूम में एकत्र कर सिंडिकेट तक पहुंचाई गई।
महासमुंद - किया था हर दो-तीन दिन में जिले से आया पैसा रायपुर पहुंचता था और उसके बाद उसे ऊपर तक बांटा जाता था।
- धमतरी सहित अन्य जिलों में - दिनकर वासनिक सहायक आयुक्त - जुलाई 2020 से जनवरी 2022 तक दो करोड़ 93 लाख रुपए कलेक्शन
- धमतरी - मोहित कुमार जायसवाल जिला आबकारी अधिकारा धमतरी - सितंबर 2018 जनवरी 2021 तक दो करोड़ 77 लाख रुपए से ज्यादा कलेक्शन
- राजनांदगांव - नितू नोतवानी सगायक आयुक्त - जून 2020 से अगस्त 2023 तक सात करोड़ 78 लाख रुपए कलेक्शन
- कबीरधाम - गरीबपाल सिंह दर्दी - अगस्त 2019 से अक्टूबर 2020, फरवरी 2022 से अगस्त 2023 दो करोड़ 32 लाख रुपए से ज्यादा कलेक्शन
- दुर्ग - नोहर सिंह ठाकुर सहायक आयुक्त - जुलाई 2020 से अगस्त 2023 तक 11 करोड़ रुपए से ज्यादा कलेक्शन
- गरियाबंद- सोनल नेताम सहायक आयुक्त - मार्च 2019 से मई 2020 तक 54 लाख कलेक्शन
- मुंगेली - वेदराम लहरे सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी सेवानिवृत्त - अक्टूबर 2019 से अप्रैल 2021 तक एक करोड़ 56 लाख रुपए कलेक्शन

### सफाई करते समय...

गोस्वामी ने कुंए में छलांग लगा दी। पानी अधिक होने से पिता पुत्र की मौत हो गई।

### कोंटा ब्लास्ट के...

विस्फोट में एएसपी शहीद हो गए थे। वहीं, एसडीओपी भानुप्रताप चन्द्राकर एवं टीआई सोनल ग्वाला घायल हो गए थे। 12 जून को उक्त प्रकरण की विवेचना एसआईए को सौंपी गई थी।
विवेचना के दौरान 8 जुलाई को घटना के एक आरोपी सोढ़ी गंगा पिता सोढ़ी सिंगा प्रतिबंधित माओवादी संगठन का आर.पी.सी अध्यक्ष निवासी नीलामडगू थाना भेज्जी, जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया।

### हड़ताल पर आज...

इस ग्रुप ने 'देशव्यापी आम हड़ताल को व्यापक रूप से सफल' बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि औपचारिक और अनौपचारिक/ असंगठित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में हड़ताल के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।
ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने कहा, हड़ताल में 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। किसान और ग्रामीण कर्मचारी भी देशभर में होने वाले इस हड़ताल का हिस्सा बनेंगे। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि हड़ताल के कारण बैंकिंग, डाक, कोयला खनन, कारखाने, राज्य परिवहन सेवाएं प्रभावित होंगी। ग्रुप ने बयान में कहा कि पिछले साल ग्रुप ने श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17 मांगों का एक चार्टर सौंपा था। ग्रुप ने कहा कि सरकार पिछले 10 सालों से वार्षिक श्रम सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रही है और श्रमबल के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। **सरकारी विभाग और कंपनियों के दिया हड़ताल में शामिल होने का नोटिस**- एनएमडीसी लिमिटेड और अन्य गैर-कोयला खनिज, इस्पात, राज्य सरकार के विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के श्रमिक नेताओं ने भी हड़ताल में शामिल होने का नोटिस दिया है। श्रमिक नेताओं ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और कृषि श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे ने भी इस हड़ताल को समर्थन दिया है और ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर लामबंदी करने का फैसला किया है। श्रमिक संगठनों ने इसके पहले 26 नवंबर, 2020, 28-29 मार्च, 2022 और पिछले साल 16 फरवरी को भी इसी तरह की देशव्यापी हड़ताल की थी।

### ट्रेन की चपेट...

मयिलादुथुराई यात्री ट्रेन की चपेट में आ गई। पुलिस ने बताया कि स्कूली छात्रों को ले जा रही वैन टक्कर लगने के बाद रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूर उछलकर गिरी। लोको पायलट ने कुछ दूर जाकर ट्रेन को रोक लिया। टेलीविजन पर प्रसारित घटना के दृश्यों में देखा जा सकता है कि पीले रंग की स्कूल वैन के परखच्चे उड़ गए। दक्षिणी रेलवे ने कहा कि फाटक बंद था। वैन चालक ने देरी से बचने के लिए फाटक खोलने पर जोर दिया, जबकि वैन चालक और घायलों में एक छात्र ने दावा किया कि फाटक खुला हुआ था। दक्षिणी रेलवे ने चेन्नई में एक विज्ञप्ति में कहा, दुखद बात यह है कि तीन छात्रों की मौत हो गई तथा एक छात्र और वैन चालक घायल हो गए, जिन्हें कडलूर के सरकारी अस्पताल/ जिपमर पुडुचेरी में भर्ती कराया गया है। एक घायल छात्र की एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी।
कडलूर राज्य की राजधानी चेन्नई से करीब 190 किलोमीटर दूर है। दुर्घटना के समय वैन में चार छात्र और चालक मौजूद था। दक्षिणी रेलवे ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि 'जब वैन फाटक पर पहुंची तो फाटक बंद था। उसने विज्ञप्ति में कहा, वैन चालक ने स्कूल पहुंचने में देरी से बचने के लिए फाटक पार करने की अनुमति देने के लिए कहा और गेटकीपर ने नियमों एवं प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर फाटक पार करने की अनुमति दे दी। गेटकीपर को नियमों के अनुसार फाटक नहीं खोलना चाहिए था। गेटकीपर को निलंबित कर दिया गया है और उसे सेवा से बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू की गयी है तथा इस आपराधिक लापरवाही के लिए उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गेटकीपर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसमें दावा किया गया है कि इस एल.सी. फाटक पर दक्षिण रेलवे द्वारा एक अंडरपास को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है, लेकिन जिला कलेक्टर द्वारा पिछले एक वर्ष से इसके लिए अनुमति नहीं दी जा रही है।
**छात्र ने बताया, खुला हुआ था फाटक**-
इस बीच, घायलों में शामिल 12वीं कक्षा के एक छात्र विश्वेष और चालक शंकर ने दावा किया कि फाटक खुला हुआ था। विश्वेष ने एक टीवी चैनल को बताया कि न तो फाटक बंद था और न ही वहां कोई सिग्नल था। उसने दावा किया, फाटक खुला हुआ था, ट्रेन का कोई हॉर्न नहीं बज रहा था। इसलिए चालक आगे बढ़ा और अचानक ट्रेन आई तथा हादसा हो गया। अस्पताल में उपचार करा रहे वैन चालक ने भी दावा किया कि फाटक खुला हुआ था।

### स्कूल जाने जान...

कारण बच्चों को अपने रिश्तेदारों के यहां रहकर रात गुजारनी पड़ती है।
जानकारी के अनुसार इस पैरी नदी में लगभग 05 करोड़ की लागत से लोक निर्माण सेतु संभाग निगम द्वारा बड़ा पुल का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन पुल निर्माण कार्य धीमी गति होने के कारण बारिश से पहले पुल का निर्माण नहीं हो पाया और नदी किनारे एप्रोच सड़क का निर्माण किया गया था। लगातार एक सप्ताह से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण सोमवार सुबह यह एप्रोच मार्ग नदी में बने अस्थाई रपटा और सड़क टूट कर बह गया। जिसके कारण इस गांव के बच्चों को अब जान जोखिम में डालकर स्कूल पढ़ाई करने आना पड़ रहा है।

### बच्चों को ग्रामीण...

लेना पड़ता है। ट्यूब में बिठाकर बच्चों को नदीपार करना पड़ता है, जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। ग्राम देहारगुडा के सरपंच डिगेश्वरी साण्डे, पूर्व सरपंच देवन नेताम एवं लोकेश साण्डे ने बताया कि 20 से 30 बच्चे खाम्भाठा से देहारगुडा पढाई करने आते है, और बारिश के पूरे चार माह बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल तक पहुंचते हैं।

### नहीं बन पाया...

में जुलाई, अगस्त, सितम्बर में यहां कमर तक तीन माह तक पानी चलता है और इसी नदी को पारकर स्कूली छात्र ट्यूब के सहारे या कभी तैरकर स्कूल तक पहुंचते। वहीं, ग्रामीण राशन लेने भी इसी तरह आते हैं। सबसे ज्यादा परेशान गर्भवती महिलाओं को होती है। उन्हें भी इस नदी को खाट के माध्यम से पार करा कर अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया जरण्डी, बोड़ापाला क्षेत्र से लगभग 15 से 20 छात्र हाईस्कूल व कॉलेज की पढ़ाई करने नदी पार कर आते है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने...

समयसीमा के आधार पर नहीं करता है और समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा, उचित रूप से संपन्न हो जाएगा और राष्ट्रीय हित में होगा। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र के दरवाजे नहीं खोले हैं।

### 54 हजार रुपए घूस...

रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आरोपी एकाउटेंट से रिश्वत की रकम जब्त कर उसके विरूद्ध धारा 7 भष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। 7 माह में 6 वीं कार्रवाई एसीबी टीम ने पिछले 7 माह में घूस लेते 6 अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पुल टूटने से कार...

अलर्ट जारी किया है। झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोनिक सर्कुलेशन और अरब सागर से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही हवाएं मिलकर एक शक्तिशाली मौसमी तंत्र बना रही हैं, जो 12 जुलाई तक देश के कई हिस्सों में तबाही मचा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में बना लो प्रेशर क्षेत्र झारखंड और दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है। अगले 24 घंटों में यह सिस्टम मध्य प्रदेश तक पहुंचेगा, जिससे इन राज्यों में भारी बारिश की संभावना है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन का प्रभाव पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पूर्वी मध्य प्रदेश तक फैला हुआ है। इसके अलावा, एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ लाइन ओडिशा से मध्य प्रदेश तक सक्रिय है, जो बारिश को और तीव्र कर रही है।

### कर्मचारी भविष्य निधि...

मांडविया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस वर्ष कुल 33.56 करोड़ सदस्यों वाले 13.88 लाख प्रतिष्ठानों के लिए वार्षिक भविष्य निधि (पीएफ) खातों को अद्यतन किया जाना था। इनमें से आठ जुलाई तक 13.86 लाख प्रतिष्ठानों के 32.39 करोड़ सदस्यों के खातों में ब्याज जमा किया जा चुका है। इसका मतलब है कि करीब 99.9 प्रतिशत प्रतिष्ठानों और 96.51 प्रतिशत सदस्यों के पीएफ खातों को सालाना अद्यतन करने का काम पूरा हो चुका है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईपीएफ खाते में जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 22 मई, 2025 को इस दर को मंजूरी दी थी। **6 जून से चल रही प्रक्रिया**- मांडविया ने कहा कि सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ईपीएफओ ने ब्याज राशि को पीएफ खातों में डालने का काम छह जून, 2025 की रात से शुरू कर दिया था। श्रम मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सदस्यों के खातों में ब्याज जमा करने की प्रक्रिया अगस्त में शुरू हुई थी, जो दिसंबर में पूरी हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया को अब तेजी से प्रसंस्करण के लिए अनुकूलित किया गया है, जिसके कारण इस प्रक्रिया का अधिकांश हिस्सा जून में ही पूरा हो गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बचे हुए प्रतिष्ठानों के संबंध में वार्षिक खाते भी इस सप्ताह के भीतर अद्यतन हो जाएंगे।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425




epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022




## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर शिक्षक, फील्ड सर्वे करने के लिए पुरूष/महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन कमीशन+सैलरी योग्यता अनुसार संपर्क करें अटल चौक बहतराई बिलासपुर 6262354545 (38188)

**आवश्यकता है-**दवाई दुकान में होलसेल, रिटेल में काम करने हेतु लड़के और ड्राइवर, जो ऑटो गेयर वैगनआर गाड़ी चला सके की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7869797088, 8770939973 (38150)

**आवश्यकता है-** लड़की/ महिला की आवश्यकता है समय 11 से 12घंटे या 24घंटे (घर में रहकर) साफ सफाई, बच्चे की देखभाल हेतु वेतन 8000 से 14000 सम्पर्क करें- सरकंडा बिलासपुर 98712 92627 7055101621 (38190)

**आवश्यकता है-** थोक आलू प्याज दुकान में मैन्युअल अकाउंट एवं अन्य सामान्य कार्य हेतु लड़का चाहिए कार्य समय सुबह 9 से रात्रि 8 बजे आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 9300328370 (38143)

**आवश्यकता है-**OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियों की। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000+ रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर, 8818877406, 9644433021 (38186)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़ जिलों में सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESI, मेडिकल, आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9111175190 9098318675 (38141)

**आवश्यकता है-** लॉज में झाड़ू पोछा और काम करने हेतु जरूरतमंद कर्मचारी की तत्काल आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38148)

**आवश्यकता है-**Aqua Guard सर्विस सेन्टर में फील्ड कार्य हेतु 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट बाईक वाले लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हर्ष इंटरप्राइजेस, विनोबा नगर बिलासपुर 9039014222, 8962337374 (38156)

**आवश्यकता है-**बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्राइवर (वेतन 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट) एवं यार्ड में सफाई हेतु कुली, चपरासी लड़के चाहिए। (समय सुबह 9 से शाम 7बजे) पता-सक्षम ट्रैवल्स बिलासपुर 62641 25145, 98271 92189 (38146)

**आवश्यकता है-**बकुल अगरबत्ती में छोटा हाथी एवं वैन चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बकुल अगरबत्ती, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, दयालबंद, बिलासपुर 9644234567 (38184)

**आवश्यकता है-**UTN शॉप में मार्केटिंग कार्य करने हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव-5 लीडर-5, ट्रेनर-7 लड़के, लड़कियां चाहिए पता- शॉप नं. FS-16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, बिलासपुर, 7806007192, 79995 94790 (38187)

**आवश्यकता है-**रियल एस्टेट प्रोजेक्ट हेतु प्रॉपर्टी सेल्स में 2-3 वर्ष अनुभवी सेल्स, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव सम्पर्क करें- जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास सकरी रोड बिलासपुर 8109412221 (38185)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

**आवश्यकता है-**व्यापार विहार में होलसेल दुकान में सेल्समैन दो लड़के एवं ऑफिस में कम्प्यूटर+ मैन्युअल एकाउंट कार्य हेतु दो लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 8 से 10 बजे तक 9300311692 (38178)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15000 से 20000 प्रतिमाह रहना फ्री सम्पर्क करें- 7796880121, 8889257623 (165)

**आवश्यकता है-**चश्मा शोरूम में कार्य हेतु सेल्समेन चाहिए वेतन योग्यतानुसार 7000 से 15000 अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- गुरु नानक चश्मा मिशन हॉस्पीटल मोड़ पर सिम्स चौक सदर बाजार बिलासपुर (38179)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु टेलीकालिंग के लिए महिलाओं, युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन सैलरी योग्यता अनुसार 5000 से 20000 तक सम्पर्क करें- नेहरू नगर गीतांजलि विहार बिलासपुर 07587027996 (0022)

**आवश्यकता है-**घरेलू समस्त कार्य करने के लिए लड़की/ महिला की आवश्यकता है रहने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी राजकिशोर नगर, बिलासपुर 99939 02995, 9301186703 (37851)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना संपर्क 8770508791, 7225815090 (502)

**आवश्यकता है-**दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों एवं गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी लाईसेन्स धारी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 76973 68454 (38182)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000-45000/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें-9204441270 (1021)

**आवश्यकता है-**श्याम इंटरप्राइजेज में एकाउंटेंट (बिजी सॉफ्टवेयर में) कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार (समय 10am-7pm) सम्पर्क करें:- साइंस कॉलेज सरकंडा 90747 41377 (162)

**आवश्यकता है-**ऑफिस में टैलीकॉलिंग हेतु महिलाओं लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन योग्यता- 8वी से ग्रेजुएट सम्पर्क करें- CMO ऑफिस के पास सरकंडा बिलासपुर 8827828446, 8827552921 (133)

## बेचना है

**बेचना है-** 800 +370 फीट के कॉमर्शियल हॉल, अटैच टॉयलेट, शासकीय अनुमति प्राप्त व्यावसायिक परिसर में चकरभाटा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट, बिलासपुर एयरपोर्ट से नजदीक बेचना/ किराये से सम्पर्क करें- 9826130163, 8770523386 (38174)

**बेचना है-**(1) पेंड्रीडीह से कटघोरा बायपास रोड बोड़सरा में मेन रोड पर 100×86 प्लाट (2) पेंड्रीडीह से दर्रीघाट बायपास रोड कड़ार मेन रोड पर 23 डिसमिल जमीन 118 का फ्रंट (3) भारतीय नगर में 1400 वर्गफीट प्लॉट अयप्पा मंदिर के पास (4) मोपका में 50 डिसमिल, 36 डिसमिल जमीन बाउंड्रीवॉल से घिरा बेचना है मो. 9479169997 (137)

**बेचना है-**73 का फ्रंट 3405 फुट 25फुट रोड नया पुल नेहरू चौक के पास डॉ. एसके तिवारी के बगल में, TNC एप्रूव्ड चितले कॉलोनी में पुराना मकान। सम्पर्क करें- 98274 73604, 9827938236 (38159)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।







### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267 ➡ जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# विंबलडन : कोहनी की चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद सिनर पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

## तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे


एजेंसी ▶▶ लंदन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने



खेलना बंद कर दिया। यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है, जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे, जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे।



## मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को हराकर अंतिम 8 में बनाई जगह

इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। पुरुष वर्ग में मारिन सिलिच को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू हुए चौथे दौर के मैच में फ्लेवियो कोबोली से 6-4, 6-4, 6-7 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

### खबर संक्षेप



#### सैयामी ने दो बार में पूरी की आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सैयामी खेर एक साल में दो बार आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन पूरा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। आयरनमैन 70.3 दुनिया की सबसे कठिन 'एंड्यूरेंस चुनौतियों' में से एक है, जिसमें खिलाड़ियों को एक ही दिन में 1.9 किमी खुले पानी में तैराकी, 90 किमी साइकिल चलाना और 21.1 किमी हाफ मैराथन दौड़ में भाग लेना होता है। सैयामी ने पहली बार आयरनमैन 70.3 को सितंबर 2024 में पूरा किया और 6 जुलाई को स्वीडन के जोन्कोपिंग में दूसरी बार इस चुनौती को पूरा किया। अभिनेत्री ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया और दूसरी बार आयरनमैन 70.3 पूरा करने की जानकारी दी।

#### जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज मातिगिमु को लगा जुर्माना



**बुलावायो।** जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदई मातिगिमु पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई जब मातिगिमु ने गेंदबाजी करने के बाद वापसी आई गेंद को रोका और बल्लेबाज लुआन डि प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो उनकी कलाई पर लगी। मातिगिमु ने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.9 का उल्लंघन किया। आईसीसी ने कहा कि यह 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है।

#### मुंबई टीम के सहायक कोच बने राणाडे

**मुंबई।** धवल कुलकर्णी मुंबई के गेंदबाजी कोच के रूप में बने रहेंगे जबकि अतुल राणाडे को मुंबई की सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच और ब्राविश शेट्टी को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने यह घोषणा की।



मुंबई की टीम पिछले घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2023-24 सत्र में उसने रिकॉर्ड 43वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया था। टीम इसके साथ ही ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन बनने में सफल रही जबकि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। एमसीए ने पहले ही ओंकार साल्वी को मुख्य कोच के रूप में बरकरार रखा था।

#### रऊफ-शादाब पाकिस्तान टी20 टीम से बाहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और आलराउंडर शादाब खान चोटिल होने के कारण इस महीने बांग्लादेश में होने वाली टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। रऊफ को पिछले सप्ताह अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जबकि शादाब ने हाल ही में कंधे की सर्जरी करवाई है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के दौरे के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और सलमान मिर्जा को भी शामिल किया गया है।



### भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से

# लॉर्ड्स में होगी असली परीक्षा! अब तक 19 मुकाबलों में टीम इंडिया ने जीते मात्र तीन

एजेंसी ▶▶ लॉर्ड्स

भारत और इंग्लैंड के बीच हो रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज का तीसरा मुकाबला ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान में 10 जुलाई से खेला जाना है। भारत ने इस मैदान पर अभी तक 19 मैच खेले हैं, लेकिन भारत का रिकॉर्ड यहां पर इतना अच्छा नहीं है। हालांकि, टीम इंडिया के लिए अच्छी बात यह है कि शुभमन गिल की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन में 336 रनों से हराया है।



### भारत का लॉर्ड्स के मैदान में रिकॉर्ड

भारत ने लॉर्ड्स में 1932 से अभी तक 19 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 3 मैच जीते हैं जबकि 12 मैच में टीम को हार मिली है। वहीं 4 मैच ड्रा हुए हैं। भारत का हार जीत का रिकॉर्ड 0.25 का है। भारत ने सबसे पहले 1932 में यहां पर मुकाबला खेला था, जिसमें उसमें 158 रनों से हरा का सामना करना पड़ा था। भारत को इस मुकाबले में पहली जीत 1986 में मिली थी, जब चेतन शर्मा, कपिल देव की शानदार गेंदबाजी और दिलीप वेंगसरकर की पहली पारी में शतकीय पारी के दम पर भारत ने जीत दर्ज की थी।

### बुमराह की वापसी की संभावना



दूसरी तरफ भारतीय टीम की बात करें तो एजबेस्टन टेस्ट में स्टार गेंदबाज कहे जानें वाले जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था। लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट में उनकी वापसी लगभग तय है। कप्तान शुभमन गिल ने भी संकेत दिए थे कि बुमराह अगला मैच खेलेंगे। बुमराह की वापसी से टीम इंडिया के बॉलिंग अटैक को और मजबूती मिलेगी।

### आर्चर की वापसी से बढ़ी उम्मीद



इंग्लैंड टीम के लिए एक राहत की खबर यह भी है कि स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ऐसे में इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में बदलाव तय माने जा रहे हैं, खासकर पेस अटैक को और मजबूत करने की दिशा में।

### वोक्स का सर्वश्रेष्ठ बीत चुका है और क्रॉली सुधार नहीं कर सकते: बॉयकॉट

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय बीत चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने अपने कालम में लिखा 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।' बॉयकॉट ने लिखा, ''क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।' क्रॉली के मामले में बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज इससे बेहतर नहीं हो सकता।

### आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

## दीप्ति को एक स्थान का फायदा गेंदबाजी में पहुंचीं दूसरे नंबर पर



एजेंसी ▶▶ दुबई

भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं।

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है।


### अरुंधति रेड्डी 43वें स्थान पर पहुंची

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।

### आईएसएसएफ विश्व कप

## फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंचे भवतेग, मैराज और गनेमत





एजेंसी ▶▶ लोनाटो (इटली)

भारतीय निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने दूसरे दिन 25 के दो परफेक्ट राउंड बनाकर खुद को मैराज अहमद खान के साथ यहां आईएसएसएफ विश्व कप (शॉटगन) में पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। पहले चार क्वालीफाइंग राउंड के बाद इन दोनों का स्कोर 98 है। अभी दो क्वालीफाइंग राउंड खेले जाने बाकी हैं। महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों भी 24-24 राउंड के साथ फाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार बनी हुई है। उनका कुल स्कोर 96 रहा और वह अभी आठवें स्थान पर हैं।

### दो राउंड में गनेमत एक-एक निशाना चूकी

गनेमत ने सोमवार को ट्रैप कॉनकेवर्डे में अपने क्वालीफाइंग राउंड की शुरुआत 10वें स्थान से की। निर्धारित दो राउंड में वह एक-एक निशाना चूक गईं, जिससे दूसरे दिन के अंत में वह आठवें स्थान पर पहुंच गईं। छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। प्रतियोगिता में भाग ले रही दो अन्य भारतीय ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों क्रमशः 96 और 93 के स्कोर के साथ 27वें और 28वें स्थान पर हैं। अमेरिका की डानिया जो विज्जी 98 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

### मैराज अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए हुए

*पुरुषों की स्कीट में भवतेग ने अब तक चार में से तीन राउंड में 25 का परफेक्ट स्कोर बनाया और उन्होंने अभी अस्थायी रूप से 12वां स्थान हासिल किया है। ओलंपियन मैराज (24, 25, 24, 25) ने भी पहले दिन से अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और वह 176 खिलाड़ियों में 15वें स्थान पर हैं। भारत के एक अन्य निशानेबाज पेरिस ओलंपियन अनंत जीत सिंह नरुका (24, 24, 24, 23) 95 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ से बाहर दिख रहे थे। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के फाइनल से पहले मंगलवार को अंतिम क्वालीफाइंग राउंड खेला जाएगा।*



## टी-20 : मैच जीतने के लिए हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम

**मैनचेस्टर।** भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही।

## फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश और एरिगैसी को मिली शीर्ष वरीयता

### शतरंज टूर्नामेंट समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होगा





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैंपियन डी गुकेश को उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः पहली और दूसरी वरीयता दी गई है। इस प्रतियोगिता में बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के टिकट दांव पर होंगे। नियमों के अनुसार, ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 और जून 2025 के बीच 30 से अधिक क्लासिकल मैच खेल हो। इस कारण पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे।

### आर. प्रज्ञानानंद को चौथी वरीयता

पूर्व विश्व चैंपियन डिंग लीरेन और फैबियानो कारूआना भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे, जिसमें भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंद को चौथी वरीयता दी गई ,है जो नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ठीक पीछे हैं। एक अन्य स्टार युवा खिलाड़ी 22 वर्षीय अलीरेजा फिरोजा पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

## साईराज परदेसी ने जीता कांस्य पदक

**अस्ताना।** भारत के साईराज परदेसी ने मंगलवार को यहां एशियाई जूनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 86 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया युवा खेलों में 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले परदेसी ने कुल 338 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 152 जबकि क्लीन एवं जर्क में 186 किग्रा वजन उठाया। महाराष्ट्र के मनमाड के रहने वाले परदेसी ने दोहा में 2024 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।



### आरसीबी का मूल्यांकन 26 करोड़ 90 लाख डॉलर

# आईपीएल खिताब जीतकर सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बनी आरसीबी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईपीएल खिताब के 17 साल के सूखे के अंत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मूल्यांकन बढ़कर 26 करोड़ 90 लाख डॉलर हो गया, जिससे यह फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पछाड़कर मूल्यांकन के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई है।

मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। एक निवेश बैंक हुलिहान लोके की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से संचालित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मूल्यांकन 13.8 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब 90 करोड़ डॉलर हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक व्यवसाय के रूप में आईपीएल का मूल्य 12.9 प्रतिशत बढ़कर 18 अरब 50 करोड़ डॉलर हो गया है।

### चेन्नई सुपरकिंग्स को पछाड़कर पहुंचा शीर्ष पर



### मुंबई इंडियंस दूसरी सबसे कीमती फ्रेंचाइजी

अंबानी परिवार की ओर संचालित मुंबई इंडियन्स का मूल्यांकन 24 करोड़ 20 लाख डॉलर तक बढ़ गया है, जिससे यह दूसरी सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बन गई है। निराशाजनक सत्र के बाद इंडिया सीमेंट्स के एन. श्रीनिवासन के स्वामित्व वाला सीएसके एक साल पहले के शीर्ष स्थान से 2025 में तीसरे नंबर पर खिसक गया। इस फ्रेंचाइजी का ब्रांड मूल्य 23 करोड़ 50 लाख डॉलर है। शाहरुख खान की कोलकाता नाइट राइडर्स 22 करोड़ 70 लाख डॉलर के साथ ब्रांड मूल्य के मामले में चौथे स्थान पर है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद 15 करोड़ 40 लाख डॉलर के मूल्यांकन के साथ पांचवें स्थान पर रहा। पंजाब किंग्स ने 2025 में 39.6 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की। यह फ्रेंचाइजी 14 करोड़ 10 लाख डॉलर के मूल्यांकन के साथ नौवें स्थान पर है। टीम नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में 2025 के टूर्नामेंट में उपविजेता रही।

# अंटार्कटिका से गायब हो गई एक देश जितनी बर्फ, सैटेलाइट ने दिए खतरे के संकेत

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

इस महत्वपूर्ण जानकारी को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एसएमओएस सैटेलाइट की मदद से इकट्ठा किया गया है। इस खोज ने जलवायु परिवर्तन पर इस क्षेत्र की प्रतिक्रिया के बारे में चली आ रही पुरानी सोच को बदलकर रख दिया है। पहले यह माना जाता था कि जब समुद्री बर्फ पिघलती है तो सतह का पानी कम खारा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है था क्योंकि बर्फ से निकला ताजा पानी समुद्र के खारे पानी को पतला कर देता था।




### खतरनाक फीडबैक लूप

समुद्र की सतह पर बढ़ते खारेपन के कारण महासागर की बनावट में बड़े बदलाव आ रहे हैं। आमतौर पर देखा जाता है कि ठंडा, ताजा पानी, गर्म, खारे पानी के ऊपर तैरता रहता है, जिससे समुद्र की गहराई में गर्मी बनी रहती है और समुद्री बर्फ का निर्माण होता है। सतह का पानी खारा होने की वजह से नीचे की गर्मी ऊपर आ जाती है। इससे नीचे की बर्फ पिघलती है और नई बर्फ का बनना काफी मुश्किल हो जाता है। इस बदलाव का कारण है माउड राइज पोलिनेया का अचानक से वापस आ जाना जिसे 1970 के बाद से नहीं देखा गया था।

### 2015 के बाद हुआ बड़ा बदलाव

लेकिन, 2015 के बाद अंटार्कटिका ने पूरे ग्रीनलैंड के बराबर बर्फ खो दी है। यह बीते दशकों में सबसे बड़े पर्यावरण बदलावों में से एक है। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय की रिसर्च टीम के अनुसार, 50 दक्षिणी अक्षांश के साउथ में समुद्र का पानी ताजा होने की जगह खारा होता जा रहा है। एक अध्ययन के मुख्य लेखक डॉ. एलेसेंड्रो सिल्वानो ने कहा कि, यह बदलाव काफी परेशान करने वाला है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिघतली बर्फ से समुद्र को ताजा होना चाहिए, लेकिन यह खारा होती जा रही है।



### विज्ञान के लिए समाज

ये कामयाबी साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय और बार्सिलोना विशेषज्ञ केंद्र द्वारा बनाए गए नए तरीकों से मिली है जो ईएसए की 'विज्ञान के लिए समाज' पहल का हिस्सा है। डॉ. सिल्वानो ने चेतावनी दी, हम उम्मीद से कहीं ज्यादा अहम मोड़ पर खड़े हैं। इसमें समुद्री बर्फ लगातार बढ़ती जा रही है और एक खास तरह के फीडबैक लूप से बढ़ रही है। क्योंकि, अंटार्कटिका में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, इसलिए हमारे ग्रह पर इसके असर को समझने और भविष्यवाणी करने के लिए लगातार सैटेलाइट और जमीनी गिगरानी बहुत जरूरी होगी।

### खतरनाक ग्लोबल परिणाम

अंटार्कटिका समुद्री बर्फ के नुकसान के परिणाम कुछ समय बाद दिखाई देंगे जिसमें, पूरी दुनिया में समुद्री धाराओं में बदलाव और मौसम के पैटर्न में बदलाव, बर्फ कम होने से तापमान में तेजी आएगी, रहने की जगहों में कमी होने से पेंगुइन और अंटार्कटिका के दूसरे जानवरों के लिए खतरा बढ़ेगा. दक्षिणी महासागर की निगरानी करना बहुत मुश्किल काम है। लेकिन एसएमओएस से मिले डाटा को स्थानीय मापों के साथ जोड़ने से 15 साल का डाटा तैयार करना पॉसिबल हुआ है।

**लड़की की जेड प्लस सिक्योरिटी!**

## स्कूल बस से उतरी बच्ची साथ आ गए दोस्त



**नई दिल्ली।** इंसान और जानवर कितने अच्छे दोस्त बन सकते हैं, अगर आपको इसका उदाहरण देखना हो तो किसी बच्चे और जानवर के बीच की दोस्ती देखिए। बेशक बड़े लोग भी जानवरों को प्यार करते हैं, मगर बच्चों का प्यार निस्वार्थ होता है और उन्हें देखकर जानवर भी बेहद भावुक हो जाते हैं। ऐसी ही खास दोस्ती एक छोटी बच्ची और श्वानों के बीच देखने को मिली, जिन्होंने बच्ची को जेड प्लस सिक्योरिटी दी। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक बच्ची स्कूल बस से उतरती नजर आ रही है। जैसे ही वो नीचे उतरती है, उसके दोस्त यानी गली के आवारा श्वान उसे घेर लेते हैं और घर तक उसके साथ जाने लगते हैं। श्वानों और बच्ची का ये वीडियो दिल जीत लेगा। बच्ची जैसे ही नीचे उतरती है, वहां मौजूद आवारा श्वान उसे घेर लेते हैं और उसके साथ-साथ चलने लगते हैं। पहले तो आपको ये वीडियो देखकर लगेगा कि श्वान कहीं बच्ची को काट न लें, मगर वो सारे ही उसके दोस्त हैं, इस वजह से वो उसके साथ खिलवाड़ करते हैं और उसे घर तक फॉलो करते हैं। ये नजारा देखकर लगेगा जैसे लड़की को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है।

**करोड़ों कपल्स के लिए उम्मीद की किरण**

## सूनी नहीं रहेगी कोई गोद, अब लैब में ही तैयार होगा स्पर्म और एग

एजेंसी ⏭ टोक्यो

फर्टिलिटी यानी प्रजनन क्षमता घट रही है, दुनिया के कई देश ऐसे हैं जो इस समस्या से जूझ रहे हैं। वैज्ञानिक इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन ढूंढने लगे हैं। ऐसा ही एक रिसर्च चल रही है ओसाका यूनिवर्सिटी में, यहां के वैज्ञानिक प्रो. कात्सुहिको हायाशी ने दावा किया है कि जल्द ही लैब में स्पर्म (शुक्राणु) और एग (अंडाणु) बनने लगेंगे। अगले 7 साल में यह तकनीक पूरी तरह से विकसित कर ली जाएग। इस तकनीक को इन-विट्रो गैमेटोजेनेसिस कहते हैं। हायाशी के मुताबिक उन करोड़ों कपल्स के लिए उम्मीद की किरण की तरह है जो इनफर्टिलिटी से जूझ रहे हैं।

प्रो. हायाशी के मुताबिक वह और उनकी टीम इस तकनीक पर तेजी से काम कर रही है। वह कहते हैं कि जल्द ही ऐसी यौन कोशिका विकिसित की जाएगी जो सामान्य प्रजनन प्रक्रिया में प्रयोग की जा सके। इससे फर्टिलिटी की समस्या से जूझ रहे कपल्स तो माता-पिता बन ही सकेंगे, बल्कि समलैंगिक जोड़ों, कैंसर पीड़ितों और उम्रदराज दंपतियों को भी लाभ मिलेगा।



### अभी लगेंगे सात साल

प्रो. हायाशी ने कहा कि लैब में स्पर्म को विकसित करने में अभी सात लग सकते हैं, इसें महिलाओं की कोशिश से स्पर्म विकसित करने में चुनौती महसूस हो रही है। हालांकि, उन्होंने इसे असंभव नहीं कहा. अन्य विशेषज्ञ भी हायाशी की समय सीमा से सहमत हैं। एडिनबर्ग विवि में कैंसर से पीड़ित बच्चों में पुरुष प्रजनन क्षमता के संरक्षण के लिए शोध कर रहे प्रोफेसर रॉड मिशेल ने कहा कि विज्ञान तेजी से बढ़ रहा है, हमें उम्मीद है कि हम पांच या दस साल के समय में अंडाशय और अंडकोश में लैब में बने स्पर्म और एग देख पाएंगे।

### लैब में ऐसे बनेगा स्पर्म

ईएसएचआरई सम्मेलन में प्रो. हायाशी ने बताया कि अब तक हमें चूहों के स्पर्म को बनाने और मानव अंडकोष विकसित करने में सफलता मिल गई है। अब हम पूरी तरह आईवीजी पर काम कर रहे हैं। इसमें किसी व्यक्ति की स्किन या रक्त कोशिकाओं से स्टेम कोशिकाएं बनाई जाती हैं, फिर इन्हें जर्म कोशिकाओं में बदल दिया जाता है। ये एग और स्पर्म की शुरुआत की तरह होते हैं। इन्हें लैब में बनाई गई स्टेम कोशिकाओं में रखा जाता है। यही जर्म कोशिकाओं से एग या स्पर्म बना सकते हैं। चूहों में ये प्रयोग भी सफल हो चुका है।

### हमें साबित करना होगा कि सुरक्षित है तकनीक

मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के एंड्रोलॉजी के प्रोफेसर और उप-उपाध्यक्ष प्रोफेसर एलन पेसी ने प्रो. हायाशी की बात पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि कई प्रयोगशाल में उगाए गए अंडो से शिशु चूहे पैदा किए गए हैं। हालांकि, मानव एग बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हाल ही में इस बारे में लोगों की ज्यादा समझ विकसित हुई है कि आखिर निष्क्रिय अवस्था में मानव अंडे कैसे रहते हैं।

ज्यादातर लोगों का मानना हे कि अभी इस तकनीक में कई वर्ष लग सकते हैं। हालांकि अच्छी बात ये है कि प्रयोगशाला में बने चूहों का जीवनकाल अच्छा रहा है और उन्होंने भी सामान्य चूहों की तरह बच्चे पैदा किए हैं। प्रो. हायाशी ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी ये भी है कि हम इस बात को साबित करें कि ये तकनीक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि बेशक मैंने दो पिताओं से एक चूहा बनाया, मगर यह प्राकृतिक नहीं है। अगर विज्ञान ऐसे रिजल्ट लाए जो प्राकृतिक नहीं हैं, तो हमें सावधान रहना होगा।

## किन हालात में मरना चाहते हैं? 40 सालों से नर्स कर रही है इसमें लोगों की मदद

**लंदन।** केवल इलाज ही काफी नहीं होता, मरीज को अपनापन और भरोसा भी चाहिए होता है। अगर मरीज मरने की कगार पर हो तो ऐसे में उसके साथ मानवीय बर्ताव की ज्यादा जरूरत होती है। दुनिया के कई देशों में अब मरने से पहले खास तरह के बर्ताव देने के लिए अलग तरह के अस्पताल होते हैं, जिन्हें हॉस्पाइस कहते हैं। यूके की एक नर्स ने बताया है कि वह कैसे लोगों को आखिरी वक्त में उनकी इच्छाओं के मुताबिक दुनिया से विदा लेने में मदद करती है। उन्होंने 40 साल में सैकड़ों लोगों की आखिरी यात्रा में मदद की है।

**मरने से नहीं डरती :** वेस्ट यॉर्कशायर के स्यू राइडर मैनरलैंड्स हास्पिटल में नर्स के तौर पर काम करने वाली बेलिंडा मार्क्स 62 साल की हैं। वे. कहती हैं, मैं मरने से नहीं डरती। उन्होंने कई लोगों को अच्छी तरह से मरते देखा है। यह उन्हें आश्वस्त करता है। बेलिंडा का काम लोगों की मदद करना है। वे कहती हैं, लोग बहुत मुश्किल समय में आपको अपनी जिंदगी में शामिल करते हैं। अगर आप छोटा सा फर्क कर सकते हैं, तो यह मायने रखता है।



### जानवरों से मिलने से लेकर शादियों तक

बेलिंडा कहती हैं, यह क्वालिटी ऑफ लाइफ में सुधार के बारे में है। यहां तक कि मौत के समय भी खुशी मिल सकती है। आपको लोगों को इसे ढूंढने में मदद करनी चाहिए। हॉस्पिस में कई अनोखे पल हुए हैं। श्वान और बिल्लियां वार्ड में रहे हैं। घोड़ों को हॉस्पिस के दरवाजे तक लाया गया। वे अंदर नहीं आ सकते थे, लेकिन किसी ने उन्हें अलविदा कहा। यहां तक कि शादियां भी आम हैं। अगर कोई शादी करना चाहता है, तो वे सब कुछ करते हैं।

### अंतिम संस्कार की बात


फंडरेजिंग और वेलबीइंग टीम्स मदद करती हैं। बेलिंडा का काम लोगों को योजना बनाने में मदद करना है। वे संगीत, अंतिम संस्कार के बारे में बात करती हैं। लोग तैयार होना चाहते हैं। बेलिंडा 1981 से 1984 के बीच नर्स बनीं। उन्होंने गायनेकोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और डिस्ट्रिक्ट नर्सिंग में काम किया। 2006 में वे एडवांस्ड क्लीनिकल प्रैक्टिशनर बनीं।

### लोग करते हैं उन पर भरोसा

बेलिंडा के लिए हर दिन अलग होता है। यह दुख भी देता है। कभी-कभी, लोग बात करने के लिए तैयार नहीं होते। वे कहती हैं, हम कभी जोर नहीं डालते। लेकिन, जब लोग तैयार होते हैं, तो यह फर्क पड़ता है। कुछ लोग घर पर मरना चाहते हैं। कुछ अस्पताल में. कुछ हॉस्पिस में.. अगर वे इसे कर सकते हैं, तो करते हैं। बेलिंडा लोगों के घरों में जाती हैं। वे रिश्ते बनाती हैं। लोग उन पर भरोसा करते हैं। बेलिंडा की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले और डिमेंशिया के मरीज जैसा अलग-थलग पड़े लोगों की मदद करने में रुचि है। वे कहती हैं, भरोसा बनाने में समय लगता है, लेकिन यह सार्थक है। यह काम बेलिंडा की जिंदगी को प्रभावित करता है। उन्होंने और उनके पति ने अपनी वसीयत और अंतिम संस्कार की योजना पहले ही बना ली है।

## खाते में आ गए करोड़ों रुपए, रिसेप्शनिस्ट की चमक गई जिंदगी

**न्यूयार्क।** फ्लोरिडा की रहने वाली येसिका अरुआ के अकाउंट में अचानक से सैलरी से कहीं ज्यादा पैसे आने लगे, जिससे उसने खूब मजे किए। लेकिन, जब उसे पता चला कि ये पैसे आ कहां से रहे हैं तो उसके होश उड़ गए। कहानी शुरू होती है 2022 में, एक दिन येसिका को अपने मोबाइल पर बैंक से मैसेज आया। उसकी सैलरी, जो आमतौर पर 50,000 रुपए के आसपास होती थी, इस बार कहीं ज्यादा पैसे आए थे। येसिका चौंकी, इतने पैसे? उसने सोचा, शायद ये कोई



बोनस है। क्लीनिक में पहले भी अफवाहें थीं कि पुरानी रिसेप्शनिस्ट को अच्छा काम करने के लिए बोनस मिला था।


### डॉक्टर के पैसे

लगभग 11 महीनों तक वो इन पैसों से ऐश करती रही। ना कोई सवाल, ना कोई चिंता। एक दिन येसिका के क्लीनिक के डॉक्टर ने कोई ट्रांजेक्शन किया, अचानक यह ट्रांजेक्शन कैंसिल हो गया। जब उसने अपना बैंक अकाउंट चेक किया, तो उसे पता चला कि उसकी सैलरी तो कई महीनों से आई ही नहीं। उसने तुरंत डायरेक्टर से बात की। डायरेक्टर ने सारे अकाउंट्स की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि डॉक्टर की सैलरी जो हर साल करीब 3 करोड़ 73 लाख रुपए थी, गलती से येसिका के खाते में जा रही थी। क्लीनिक ने तुरंत पुलिस को खबर की।

## कॉकरोच को बर्गर में दबाकर खा गई लड़की, वीडियो देख हिल गए लोग!

**बैंकाक।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई भौचक्का रहा गया है। आमतौर पर कॉकरोच को देखते ही कई लड़कियों की चीख निकल जाती है, लेकिन वायरल हो रहे इस वीडियो में रेस्टोरेंट में बैठी एक लड़की ने जो किया, वह यकीनन किसी के भी होश उड़ा सकता है।

वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि एक लड़की में रेस्टोरेंट में अपना बर्गर एन्जॉय कर रही है। लेकिन, तभी उसकी टेबल पर एक कॉकरोच रेंगता हुआ आ गया। जाहिर है, आप अब यही सोचेंगे कि लड़की तो डर के मारे चीख उठेगी और वहां से भाग जाएगी। लेकिन, अगले ही पल जो कुछ हुआ, उसने हर किसी को चौंका दिया। लड़की बिना किसी घबराहट या हिचकिचाहट के उस कॉकरोच को उठाती है, और फिर उसे



अपने बर्गर में दबाकर खाना शुरू कर देती है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com